www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173




सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 भारत की सामर्थ्य को समझे अमेरिका, ट्रंप यह नहीं जानते कि भारत दबाव के आगे नहीं झुकता
प्रभारी मंत्री ने राहत शिविर और नदी का किया निरीक्षण 04

वर्ष :09 अंक :49 मुंबई ,शनिवार 09 अगस्त 2025 पृष्ठ : 06 मूल्य : 2 : 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### बलिया में बाढ़ के पानी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के दया छपरा गांव के निकट बाढ़ के पानी में डूबने से एक 66 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार,चिंतामणि राय टोला गांव के देवदत्त सिंह (66) बृहस्पतिवार की शाम को सामान लेकर घर लौट रहे थे, लेकिन इस दौरान वह बाढ़ के पानी में डूब गए। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मूलचन्द्र चौरसिया ने शुक्रवार को बताया कि ग्रामीणों ने देवदत्त सिंह का शव शुक्रवार की सुबह दया छपरा गांव के निकट बाढ़ के पानी से खोजकर निकाला। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### आमला स्थित वायुसेना के अड्डे पर तैनात एक जवान ने आत्महत्या की

मध्यप्रदेश के बैतूल के निकट आमला स्थित भारतीय वायुसेना के अड्डे पर तैनात वायुसेना के एक कर्मचारी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर आमला स्टेशन पर तैनात वायुसेना के जवान सरोज कुमार दास ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने कहा, वह यहां आंवला में अकेले रहते थे, जबकि उनका परिवार उनके गृह राज्य ओडिशा में था। पत्नी के वहां से आने के बाद दिन में पोस्टमार्टम कराया गया। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### मनोज तिवारी ने नरेंद्र मोदी को भेंट किया बाबा बैद्यनाथ धाम का प्रसाद

भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने शुक्रवार को एक भावुक कर देने वाला अनुभव साझा किया, जहाँ उन्होंने अपनी पत्नी सुरभि और अपनी साढ़े चार साल की बेटी संविका के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, उन्होंने प्रधानमंत्री को झारखंड के देवघर स्थित भगवान शिव के भक्तों द्वारा पूजनीय बाबा बैद्यनाथ धाम से एक प्रसाद का पेंढ़ा भेंट किया। यह प्रसाद, एक पवित्र भेंट, उन सभी नंगे पाँव कांवड़ियों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी को भेंट किया गया, जो गंगा नदी से पवित्र जल लेने के लिए कांवड़ यात्रा पर जाते हैं।प्रसाद ग्रहण करने के बाद, प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए हर हर महादेव का जाप किया। वे प्रसन्न दिखे और कांवड़ यात्रा और कांवड़ियों का हालचाल पूछा। तिवारी ने एक्स पर पोस्ट किया

# चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा दे, हम साबित कर देंगे कि मोदी 'वोट चोरी करके' पीएम बने : राहुल गांधी

## कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर बेंगलुरु में चुनाव आयोग व भाजपा पर निशाना साधा.

> कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से मदद मांगी। उनसे वोटर लिस्ट और सीसीटीवी फुटेज मांगे, लेकिन उन्होंने हमारी कोई मदद नहीं की। फिर वीडियो देने का कानून ही बदल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है।

एजेंसी

कर्नाटक में 'वोट अधिकार रैली' में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि मने भारत के संविधान की रक्षा की है। अंबेडकरजी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल की आवाज भारत के संविधान में गूंजती है। बसवना, नारायण गुरु और फुले जी की आवाज इसमें गूंजती है। उन्होंने कहा कि हमारे भारत का संविधान हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार देता है। पिछले चुनाव में हमारे सामने एक सवाल उठा था, पहले लोकसभा चुनाव थे, फिर महाराष्ट्र और कर्नाटक चुनाव... महाराष्ट्र में, इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतता है लेकिन 4 महीने बाद भाजपा राज्य में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। यह चौंकाने वाला था। हमने पाया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने मतदान किया। राहुल गांधी ने कहा कि कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हमने 100% साबित कर दिया है कि चुनाव आयोग और भाजपा ने वोटों की चोरी की है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि भाजपा की विचारधारा भारत के संविधान के विरुद्ध है। कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता इसकी रक्षा करेगा। भारत का चुनाव आयोग हमें पिछले 10 सालों की मतदाता सूचियाँ और वीडियो रिकॉर्डिंग तुरंत उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में पोल ने बताया कि हमें 15-16 सीटें मिल रही हैं। हमारी पोलिंग के मुताबिक 16 सीटों पर हम आगे थे। लेकिन हमें सिर्फ 9 में जीत मिली- जिसके बाद हमने सवाल पूछना शुरू किया कि क्या हम सचमुच ये सीटें हारे थे? उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने हुंकार भरते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी वोट चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। चुनाव आयोग हमें डेटा दे, हम साबित कर देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से मदद मांगी।



**चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का खंडन किया**

भारतीय चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची में वोट चोरी और बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी के आरोपों का खंडन किया. साथ ही आयोग ने कहा है कि उसकी वेबसाइट में कोई समस्या नहीं है .लोकसभा में विपक्ष के नेता ने चुनाव आयोग पर 2024 के लोकसभा चुनावों और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए वोट चोरी करने का आरोप लगाया है .चुनाव आयोग के सूत्रों ने शुक्रवार को कहा, अगर राहुल गांधी अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग के खिलाफ उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए.

# नहीं बढ़ेंगे सिलेंडर के दाम, पूर्वोत्तर के विकास के लिए स्पेशल पैकेज..

## असम-त्रिपुरा में 4 नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी, मोदी कैबिनेट के 5 फैसले

> इसके अलावा असम और त्रिपुरा के लिए विशेष विकास पैकेज की मौजूदा योजना के तहत 4 नए प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली है, जिन पर कुल 4,250 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, तमिलनाडु में मरकानम पुडुचेरी के बीच 46 किमी लंबा चार लेन हाईवे बनाया जाएगा, जिस पर 2,157 करोड़ की लागत आएगी।

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को 52,667 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी है, जिसके तहत शिक्षा, एलपीजी , बुनियादी ढांचा और पूर्वोत्तर के राज्यों के विकास पर जोर दिया गया है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों को मजबूत करने के लिए 4,200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल ने 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 12,060 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी।इसके लिए 12,000 करोड़ रुपये के प्रावधान की मंजूरी दी गयी है। इससे पहले, अक्टूबर 2023 से साल में 12 रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जा रही थी। सब्सिडी का लाभ योजना की 10.33 करोड़ लाभार्थियों को होगा। सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत रिफिल बढ़ाने और गरीब उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मई 2022 में सालाना 12 रिफिल पर 200 रुपये प्रति सिलेंडर लक्षित सब्सिडी की शुरूआत की थी जिसे अक्टूबर 2023 में बढ़ाकर 300 रुपये किया गया था।



**रसोई गैस की सब्सिडी के लिए 42,000 करोड़ रुपये मंजूर**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दो अलग-अलग फैसलों में रसोई गैस (एलपीजी) सब्सिडी के लिए कुल 42,000 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में दोनों प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गयी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि उज्ज्वला योजना की लाभार्थियों को मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में साल में नौ रिफिल पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जायेगी।

# काकोरी शहीद स्थल पर भावुक पल

## कक्षा तीन की छात्रा ने मुख्यमंत्री योगी को बांधी तिरंगा राखी, मिली चॉकलेट

> कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, देशभक्ति गीत और शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया और कहा कि देश के लिए बलिदान देने वालों की गाथा हर घर तक पहुंचनी चाहिए।

एजेंसी

मलिहाबाद, काकोरी एक्शन शताब्दी समारोह के दौरान शुक्रवार को काकोरी शहीद स्थल पर एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। खुशहालगंज प्राथमिक विद्यालय की कक्षा 3 की छात्राएं चिया और अश्वनी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तिरंगा राखी बांधी और मिठाई खिलाई।दोनों बच्चियां मजदूर परिवार से आती हैं। पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं और माताएं गृहिणी हैं। राखी बांधने के बाद मुख्यमंत्री ने मुस्कुराते हुए मिठाई खाई और बदले में दोनों बेटियों को चॉकलेट भेंट की। बच्चियों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस खास मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद थे। समारोह में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार और प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।काकोरी एक्शन की शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान से अवगत कराना था। मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि आज की पीढ़ी को इन वीरों के आदर्शों और त्याग से सीख लेनी चाहिए। बच्चियों का कहना था कि वे सीएम को राखी बांधकर गर्व महसूस कर रही हैं। चिया ने कहा, हमने तिरंगे वाली राखी बनाई थी ताकि हमारे देश का सम्मान हमेशा बना रहे।



**कांग्रेस की जय हिन्द यात्रा**

ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन कांड की 100वीं वर्षगांठ और अगस्त क्रांति के 83 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कांग्रेस ने जय हिन्द यात्रा निकालकर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन किया। यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने किया, जबकि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

# जो भारत में नहीं जन्मा, वोट नहीं डाल सकेगा :अमित शाह

## बांग्लादेश से आकर बिहार में नौकरियां खा जाते हैं, लालू-कांग्रेस उन्हें बचाना चाहते हैं

**तीखा कटाक्ष**

> ▶▶ शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चल रहे राजनीतिक विवाद को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षी दल बहाने ढूंढ रहे हैं क्योंकि उन्होंने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। एसआईआर को लेकर हुंकार भरते हुए शाह ने कहा कि लालू प्रसाद यादव किसे बचाना चाहते हैं? क्या आप उन बांग्लादेशियों को बचाना चाहते हैं जो बाहर से आकर बिहार के लोगों की नौकरियाँ छीन लेते हैं? शाह ने साफ तौर पर कहा कि राहुल गांधी को ये वोट बैंक की राजनीति बंद करनी चाहिए और एसआईआर, ये पहली बार नहीं हो रहा है। इसकी शुरूआत जवाहरलाल नेहरू ने की थी और 2003 में भी यही हुआ था.



**पॉइंट में अमित शाह का भाषण**

- एसआईआर पर लालू-कांग्रेस को घेरा- बिहार में चुनाव होने वाला है। मेरे आने से पहले पूरे अखबार भरे पढ़े हैं कि रकफ होना चाहिए या नहीं। जनता बताए कि घुसपैठिए को वोटर लिस्ट से निकालना चाहिए या नहीं।
- लालू-तेजस्वी को चुनौती- तेजस्वी यादव मुझसे पूछते हैं कि एनडीए सरकार ने मिथिलांचल के लिए क्या किया। मैं बनिया का बेटा हूं, पाई-पाई का हिसाब रखता हूं।

# रक्षाबंधन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के संकल्प को मजबूत करता है: राष्ट्रपति मुर्मू

> राष्ट्रपति भवन द्वारा साझा किए गए संदेश में मुर्मू के हवाले से कहा गया, रक्षाबंधन के पावन अवसर पर, मैं भारत और विदेशों में रहने वाले सभी साथी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा एवं उनके सम्मान के हमारे संकल्प को मजबूत करता है। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार भाई-बहन के बीच प्रेम और विश्वास के अनूठे बंधन का प्रतीक है। मुर्मू ने कहा, यह त्योहार समाज में सद्भाव और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। यह अवसर हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को संरक्षित करने का भी अवसर है। यह त्योहार महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के हमारे संकल्प को मजबूत करता है।



# हाई अलर्ट पर आईजीआई समेत देश के सभी हवाई अड्डे

## बड़े आतंकी हमले की चेतावनी के बाद खुफिया एजेंसी ऐक्टिव

> नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने इस संबंध में सभी हवाई अड्डों को तीन सुरक्षा परामर्श जारी किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा के दौरान पूरे भारत के हवाई अड्डों के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है।

एजेंसी

स्वतंत्रता दिवस के नजदीक आते ही, दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया है और इस दौरान देश भर के सभी हवाई अड्डों पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार, खुफिया जानकारी के आधार पर यह हाई अलर्ट जारी किया गया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने इस संबंध में सभी हवाई अड्डों को तीन सुरक्षा परामर्श जारी किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक दुर्गा पूजा के दौरान पूरे भारत के हवाई अड्डों के लिए हाई अलर्ट जारी किया गया है।

एयरलाइनों, हवाई अड्डा संचालकों, सीआईएसएफ, ग्राउंड हैंडलरों और खानपान इकाइयों को भेजी गई इस सलाह में प्रमुख हवाई अड्डों, खासकर दिल्ली हवाई अड्डे, पर खतरों के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी का हवाला दिया गया है। सभी एजेंसियों को तत्काल प्रभाव से सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमले की प्रबल संभावना पर भी प्रकाश डाला है; हालाँकि, इसकी समय-सीमा उपलब्ध नहीं है। समय बहुत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता दिवस के नजदीक होने के कारण, हवाई अड्डों सहित प्रमुख बुनियादी ढाँचों पर खतरे की आशंका बहुत ज्यादा है।



# सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई

**असंयमित भाषा पर उठाए सवाल**

> न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा 21 जुलाई और 6 अगस्त के आदेशों का अवलोकन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई थी और उनमें की गई टिप्पणियों पर रोक लगा दी थी।

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वृंदावन स्थित ऐतिहासिक बांके बिहारी मंदिर पर एक जनहित याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों पर नाराजगी व्यक्त की और उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ असंयमित भाषा के इस्तेमाल पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने एक जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय की एकल पीठ द्वारा 21 जुलाई और 6 अगस्त के आदेशों का अवलोकन किया, जिसमें उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश, 2025 को चुनौती दी गई थी



**तंज** — राहुल गांधी पर मनोज तिवारी का तंज

# वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी ने किया था...

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के दावों पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पलटवार किया है। भाजपा सांसद ने कहा कि राहुल गांधी एक वंशानुगत नेता हैं। जिस वंश से वे आते हैं, उसने हमेशा तानाशाही की भाषा बोली है। यह भाषा धमकी भरी भी है, और चुनाव आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए। उन्हें हमें बताना चाहिए कि किसका वोट गलत तरीके से हटाया गया। लेकिन अगर वे चाहते हैं कि अवैध घुसपैठिए अपना वोट डालें या मृत लोगों की जगह कोई और वोट डाले, तो वे वही काम कर रहे हैं जो उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने किया था - लोकतंत्र की हत्या...। चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे। मुझे कल किसी मित्र ने कहा कि ये तो जिस पेड़ पर बैठे थे, उसी को कुल्हाड़ी से काटने का काम कर रहे थे। सच कहूं, तो कांग्रेस के युवराज और नेता प्रतिपक्ष की भाषा का जो अहंकार था, वो चुनाव आयोग के कर्मचारियों के लिए था। भाजपा नेता ने सवाल किया कि क्या विपक्ष के किसी नेता को भारत के अधिकारियों के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए? और जब हमारे सशस्त्र बलों पर हमला करने की बात आती है, तो हमेशा राहुल गांधी ही आगे आते हैं। क्या देश की संवैधानिक संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए ऐसी भाषा नेता प्रतिपक्ष को शोभा देती है। देश की सेना के गौरव पर सवाल उठाने वाले भी राहुल गांधी ही हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर कांग्रेस के नेता सुप्रीम कोर्ट को ऊंचा-नीचा बोलने से नहीं चूकते। भूपेन्द्र यादव ने कहा कि इस देश की आर्मी, चुनाव आयोग, संसद ये सब ऐसी संस्थाएं हैं, जो स्वायत्त और स्वाधीन होकर काम करती हैं। हम सब इसके द्वारा पूरी तरह नियंत्रित है। इसलिए कोई स्वतंत्र निकाय जब किसी भी राजनीतिक प्रोसेस को फॉलो करती है, तो उसे हम सभी को मानना चाहिए। क्योंकि, इन सभी संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देश के संविधान ने दिया है। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी ने तैयारी करके बहुत बड़ा झूठ बोला। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में 1 करोड़ वोट बढ़े।



> चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' को लेकर गंभीर आरोप लगाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेन्द्र यादव ने कहा कि बहुत दिनों से हमारे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक एटम बम छोड़ने की बात कर रहे थे।

# दस बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस भेजा गया: हिमंत



> सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले साल बांग्लादेश में अशांति शुरू होने के बाद से पूर्वोत्तर में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

एजेंसी

नयी दिल्ली। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को असम के श्रीभूमि जिले से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को पड़ोसी देश में खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया, अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी है! आज तड़के असम पुलिस ने श्रीभूमि सेक्टर से 10 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। शर्मा ने कहा, असम की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिशें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सीमाएं सुरक्षित हैं, घुसपैठिए खदेड़ दिये गए! असम पुलिस ने पिछले हफ्ते श्रीभूमि से 27 अवैध घुसपैठियों को बांग्लादेश खदेड़ दिया था।

हाल के महीनों में 387 से अधिक कथित अवैध घुसपैठियों को खदेड़ कर वापस भेजा गया है। शर्मा ने दावा किया कि राज्य सरकार घुसपैठ मुक्त असम के लिए प्रतिबद्ध है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले साल बांग्लादेश में अशांति शुरू होने के बाद से पूर्वोत्तर में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

# भारत की सामर्थ्य को समझे अमेरिका, ट्रंप यह नहीं जानते कि भारत दबाव के आगे नहीं झुकता

> भारत अब अन्य देशों के लिए एक विश्वसनीय लांच पार्टनर बन गया है। वही क्रायोजेनिक इंजन जिसे दुनिया ने कभी साझा करने से मना कर दिया था अब भारत की दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है। अमेरिका ने हम पर प्रतिबंध आक्षेप लगाए हमारे लक्ष्यों को हमारी पहुंच से बाहर बताकर हमारा मखौल बनाया लेकिन आज हमारा ग्राहक है।

पिछले दिनों नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार सैटेलाइट (निसार) को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से भारत के जीएसएलवी (जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल) राकेट द्वारा अंतरिक्ष में भेजा गया। इस राकेट में स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन लगा है। निसार अब तक का सबसे महंगा नागरिक पृथ्वी इमेजिंग सैटेलाइट है। अमेरिका और भारत के विज्ञानियों द्वारा विकसित इस सैटेलाइट ने तकनीकी दृष्टि से नए मानक स्थापित किए हैं। यह पूरा घटनाक्रम विश्व स्तर पर भारत की बढ़ती अंतरिक्ष शक्ति का प्रतीक भी बना। नासा भी अपने अंतरिक्ष मिशन के लिए इसरो की मदद लेने लगा है। लगभग तीन दशक पहले तक इसी अमेरिका ने भारत को क्रायोजेनिक इंजन पाने से रोकने के लिए हरसंभव प्रयास किया था। भारत पर कड़े प्रतिबंध लगाए, अंतरराष्ट्रीय दबाव डाला। उसके इन प्रयासों का लक्ष्य केवल भारत को अंतरिक्ष की अग्रणी शक्ति बनने के रेस से बाहर रखना था। लगता है ट्रंप यह नहीं जानते कि भारत दबाव के आगे नहीं झुकता। कुछ दशक पहले इसरो ने पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल (पीएसएलवी) विकसित कर लिया था, जो लगभग 1,750 किलोग्राम वजन के उपग्रह को पृथ्वी की निचली कक्षा में 600-800 किमी की ऊंचाई तक ले जा सकता था। मगर पीएसएलवी की एक सीमा



है। यह भारी उपग्रहों को जियोस्टेशनरी कक्षा तक नहीं पहुंचा सकता था, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 36,000 किमी ऊपर होती है। यही वह कक्षा है, जहां अधिकांश संचार, मौसम और प्रसारण के उपग्रह काम करते हैं। वहां तक पहुंचने के लिए भारत को और अधिक ताकतवर राकेट की आवश्यकता थी। यह काम क्रायोजेनिक इंजन कर सकता था, पर उसका निर्माण अत्यधिक जटिल होता है। इस इंजन के मुख्य ईंधन तरल हाइड्रोजन को -253 डिग्री सेल्सियस और तरल आक्सीजन को -183 डिग्री सेल्सियस पर स्टोर करना होता है। इन्हें राकेट के भीतर स्थिर रखने और फिर उन्हें प्रज्वलित करने के लिए निपुण इंजीनियरिंग की आवश्यकता होती है। अत्यधिक ठंडे तापमान के कारण धातु की परतों में दरारें आ सकती हैं, वाल्व जाम हो सकते हैं और सील टूट सकती हैं। इसलिए सफल लांचिंग के लिए पूरी प्रणाली को सही दबाव और तापमान के तहत सटीक कार्य करना चाहिए।

क्रायोजेनिक इंजन के अभाव में भारत को महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशनों के लिए विदेशी राकेटों पर निर्भर रहना पड़ता था। अंतरिक्ष क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए इसरो के पास दो विकल्प थे-या तो इस तकनीक को स्वदेशी रूप से विकसित किया जाए या इसे विदेश से लिया जाए। जटिलता और तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए भारत ने पहले विदेश से इसे प्राप्त करने का प्रयास किया। उस समय विश्व में केवल अमेरिका, रूस, फ्रांस और जापान के पास क्रायोजेनिक इंजन थे। सबसे पहले जापान से बात की गई, लेकिन कोई रास्ता नहीं निकला। अमेरिका और यूरोप की कंपनियों के प्रस्ताव महंगे थे और उनमें तकनीकी हस्तांतरण भी शामिल नहीं था। यानी अगर इंजन में कोई समस्या होती, तो भारत को बार-बार अमेरिका और यूरोप की चौखट पर दस्तक देनी पड़ती। इसलिए बात नहीं बनी। फिर एक महत्वपूर्ण मोड़ आया। जनवरी 1991 में इसरो ने रूस की अंतरिक्ष कंपनी ग्लावकोस्मोस के साथ एक समझौता किया, जिसके तहत दो क्रायोजेनिक इंजन और पूरी तकनीक का हस्तांतरण प्रस्तावित हुआ, पर 1992 में अमेरिका ने इसरो और ग्लावकोस्मोस पर प्रतिबंध लगा दिए, जिससे सौदा अवरुद्ध हो गया। फिर दोनों देशों में एक संशोधित समझौता हुआ। इसमें सात पूरी तरह से असेंबल किए गए इंजन की आपूर्ति की अनुमति दी गई, पर इसके साथ कोई ब्लूप्रिंट, प्रशिक्षण या तकनीकी हस्तांतरण का प्रविधान नहीं किया गया। इन इंजनों ने भारत से जीएसएलवी कार्यक्रम की शुरूआती उड़ानों में मदद की, पर यह दीर्घकालिक भविष्य के लिए अपर्याप्त था। इस तकनीकी कमी को दूर करने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने अप्रैल 1994 में स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन विकास कार्यक्रम की नींव रखी। भारत के इस निर्णय ने कई शक्तिशाली देशों को असहज किया। जब भारत स्वदेशी कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा था, तब 1994 के अंत में इसरो के क्रायोजेनिक कार्यक्रम प्रमुख, नंबी नारायणन को साजिश के तहत जासूसी के झूठे आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बावजूद इसरो ने हार नहीं मानी। जीएसएलवी की प्रारंभिक उड़ानें कई समस्याओं का सामना करती रहीं, परंतु इसरो के साहस में कमी नहीं आई। अंतत: पांच जनवरी, 2014 को इसरो ने सफलतापूर्वक जीएसएलवी-डी5 मिशन लांच किया, जिसमें सौ प्रतिशत स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का उपयोग किया गया। यह एक मील का पत्थर था, जिसने विश्व समुदाय को अचरज में डाला। तब से भारत नियमित रूप से जीएसएलवी का उपयोग करके भारी उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर रहा है। भारत अब अन्य देशों के लिए एक विश्वसनीय लांच पार्टनर बन गया है। वही क्रायोजेनिक इंजन, जिसे दुनिया ने कभी साझा करने से मना कर दिया था, अब भारत की दृढ़ता का प्रतीक बन चुका है। अमेरिका ने हम पर प्रतिबंध, आक्षेप लगाए, हमारे लक्ष्यों को हमारी पहुंच से बाहर बताकर हमारा मखौल बनाया, लेकिन आज हमारा ग्राहक है। इसरो ने समय-समय पर इन पंक्तियों को चरितार्थ किया है, ह्यलहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

## सम्पादकीय

### साकार होता भविष्य का सैन्य बल, रूद्र जैसी ब्रिगेड से विभिन्न सैन्य क्षमताओं में बेहतर समन्वय स्थापित होगा

इस पर भी ध्यान देना होगा कि इसके माध्यम से किस प्रकार की विशिष्ट क्षमताओं का विकास किया जा रहा है। इसमें कमांड एवं कंट्रोल के स्तर पर भी स्पष्टता और संतुलन साधने की आवश्यकता होगी जिसमें केंद्रीकरण एवं विकेंद्रीकरण की संकल्पना को इस प्रकार मूर्त रूप दिया जाए कि रूद्र ब्रिगेड का कमांडर पूरी स्वतंत्रता के साथ काम कर सके। बीते दिनों सेना में रूद्र ब्रिगेड के गठन की घोषणा हुई। यह एक आल-आर्म्स ब्रिगेड्स होगी। इसका अर्थ है कि इसमें विभिन्न प्रकार की युद्धक इकाइयों को एक साथ जोड़ा जाएगा। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर इसकी घोषणा करते हुए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि यह भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और सैन्य बलों के कायाकल्प की योजना का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आल-आर्म्स ब्रिगेड और लीथल स्पेशल फोर्सेज इकाइयों का गठन भविष्य के सैन्य बलों की संकल्पना के अनुरूप ही किया जा रहा है। कुछ रिपोर्टों के अनुसार दो इन्फेंट्री ब्रिगेड को पहले ही रूद्र ब्रिगेड में बदला जा चुका है। रूद्र ब्रिगेड का गठन भारतीय सेना की पूर्ववर्ती इंटीग्रेटेड बैटल ग्रुप्स यानी आइबीजी के आधार पर ही किया जा रहा है। इसी कड़ी में भैरव कमांडो यूनिट एक लीथल स्पेशल फोर्स यूनिट होगी। इसे त्वरित हमले और तत्काल सीमा तैनाती के उद्देश्य को ध्यान में रखकर विकसित किया जाएगा। कुल मिलाकर, विभिन्न कांबैट, कांबैट सपोर्ट और लाजिस्टिक अमले का एकीकरण बहुत सार्थक पहल है, जिससे बहुस्तरीय मोर्चे पर लड़ाई में मदद मिलेगी।रिपोर्टों के अनुसार रूद्र ब्रिगेड अलग-अलग बटालियनों और रेजिमेंटों से मिलकर बनेगी। इसकी संरचना कार्य विशेष की प्रकृति या परिचालन आवश्यकताओं के आधार पर तय होगी। ये ड्रोन सर्विलांस उपकरणों और एरिया सेचुरेशन हथियारों से भी लैस होंगी, जिससे इनकी क्षमताएं खासी बढ़ जाएंगी।उदाहरण के लिए पर्वतीय इलाकों में यह दो इन्फैंट्री बटालियनों और आर्टिलरी रेजिमेंटों से मिलकर बनी हो सकती है। मैदानी इलाकों में यह दो आर्मर्ड रेजिमेंट, एक मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन, एक सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलरी रेजिमेंट और एक एयर डिफेंस रेजिमेंट से मिलकर बन सकती है, जो आक्रामक परिचालन के दृष्टिकोण से अधिक उपयुक्त होगी। नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर यह स्पेशल फोर्सेज एलीमेंट्स के साथ इन्फैंट्री बटालियनों के रूप में हो सकती है। इस संदर्भ में यह एक प्रश्न अवश्य उठ रहा है कि क्या रूद्र ड्रोन और आइएसआर यानी आर्मी इंटेलिजेंस, सर्विलांस एंड रिकानिसंस अर्थात सैन्य खुफिया, निगरानी और टोही क्षमताओं के साथ मौजूदा स्वतंत्र ब्रिगेडों का ही संशोधित एवं उन्नत स्वरूप है?

## आज का विचार







**मेष राशि:** आप कार्यक्षेत्र में दूसरों की मदद करने में ज्यादा समय व्यतीत कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी देखने को मिल सकते हैं, जो आपके पक्ष में होंगे। हालांकि, इसके चलते कुछ विरोधियों का क्रोध बढ़ सकता है।

**वृषभ राशि :** आपको कारोबार से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है, जिससे मन खुश रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज अच्छा चलेगा और व्यापार में लाभ कमाने के अवसर भी प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक मामले में भी दिन खुशनुमा रहने वाला है

**मिथुन राशि:** कार्यस्थल पर आपको उच्च अधिकारियों के सहयोग से कोई बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति प्राप्त हो सकती है। जिससे मन खुश रहेगा और पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। आप कामकाज में ज्यादा व्यस्त रह सकते है। लेकिन इस दौरान आपको ज्यादा धन खर्च करने से बचना होगा।

**कर्क राशि:** आपके राशि का स्वामी उत्तम स्थिति में है। व्यवसाय के मामले में दिन बहुत शुभ रहने वाला है और आपकी योजनाएं तेजी से आगे बढ़ेंगी। आपको अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और तनाव भी कम होगा।

**सिंह राशि:** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सफलता प्राप्त होगी। अगर आपने किसी प्रतियोगिता में भाग लिया है तो उस क्षेत्र में भी आप आगे बढ़ सकते हैं और कार्यस्थल पर रुके हुए कार्य भी पूरे होने लगेंगे। लेकिन सेहत पर खास ध्यान देने की जरूरत है।

**कन्या राशि:** आपको कार्यक्षेत्र में समझदारी से सही फैसले लेने से बड़ा लाभ मिल सकता है। रचनात्मक कार्यों की ओर ज्यादा रुचि बढ़ेगी, जिससे मन को सुकून मिलेगा। अगर कार्यस्थल पर विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होती है, तो आपको अपने क्रोध पर नियंत्रण रखना होगा।

**तुला राशि :** तुला राशि करियर राशिफल: आय के स्रोत में होगी वृद्धि शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको कोई बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिससे मन खुश रहेगा।

**वृश्चिक राशि:** आपको कार्यक्षेत्र में लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन में वृद्धि होगी। साथ ही, समाज और कार्यस्थल पर आपके मान-सम्मान व कीर्ति में वृद्धि होगी। आपको कोई रुका हुआ काम भी पूरा हो सकता है और प्रियजनों से मुलाकात होने से दिल खुश रहेगा। लेकिन विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर आपको वाणी पर संयम रखना होगा।

**धनु राशि:** घर के जरूरत के सामानों पर कुछ धन खर्च हो सकता है। साथ ही, सांसारिक सुख के साधनों में भी वृद्धि होगी। कार्यस्थल पर किसी अधीनस्थ कर्मचारी के चलते तनाव बढ़ने की संभावना है। वहीं, पैसों के लेन-देन के समय आपको सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा धन कहीं अटक भी सकता है।

**मकर राशि:** आपको व्यावसायिक क्षेत्र में अपेक्षा के अनुसार लाभ प्राप्त होगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। धन के आगमन से आर्थिक स्थिति भी पहले से मजबूत हो जाएगा। आप अपने काम में कोई परिवर्तन लाने की योजना भी बना सकते हैं। वहीं, किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी और किसी धार्मिक स्थान पर यात्रा करने के योग भी बन रहे हैं। लेकिन वाहन चलाते समय आपको सावधान रहना होगा।

**कुंभ राशि :** आपका दिन भागदौड़ भरा रह सकता है और खर्चों में भी वृद्धि होने की संभावना है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय आपको सभी चीजों को अच्छी तरह चेक करना होगा।

**मीन राशि:** व्यापार के मामले में आपको किसी पास या दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यह लाभदायक हो सकती है। बिजनेस में उन्नति मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। वहीं स्टूडेंट्स को मानसिक तनाव से छुटकारा मिलेगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# संसद संवाद की बजाय संघर्ष का अखाड़ा कब तक?

**ललित गर्ग**



बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन पर संसद में गतिरोध जारी है, जिससे कामकाज बाधित हो रहा है। आज संसद का दृश्य सार्थक संवाद की बजाय किसी अखाड़े से कम नहीं लगता। बहस के स्थान पर बैनर, तख्तियां और नारों की गूंज सुनाई देती है। संसद जहां नीति निर्माण होना चाहिए, वहां प्रतिदिन कार्यवाही स्थगित हो रही है। यह विडंबना है कि जनप्रतिनिधि जिन मुद्दों को लेकर चुने जाते हैं, उन्हीं मुद्दों पर चर्चा की बजाय वे मेजें थपथपाने, वेल में उतरने और माइक बंद कराने में लगे हैं। संसद का हंगामा केवल दृश्य नहीं, एक राजनीतिक पतन की ओर संकेत करता है। जब एक ओर सरकार संवाद से बच रही है और दूसरी ओर विपक्ष केवल दिखावटी विरोध में लिप्त हंगामें बरपा रहा है, इन त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियों में देश की जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। विपक्ष और सत्ता के बीच जारी इस टकराव में बहस के बजाय बहिष्कार और गतिरोध हावी हो चुका है। मानसून सत्र की शुरूआत उम्मीदों से भरी थी, नए विधेयकों, जनहित की बहसों और लोकतांत्रिक विमर्शों की। लेकिन यह सत्र भी पुराने ढर्रे पर चल पड़ा, विरोध, स्थगन, नारेबाजी और हंगामे की भेंट चढ़ता लोकतंत्र।

विपक्ष बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा चाहता है। इसमें ईवीएम की पारदर्शिता, मतदाता सूची में गड़बड़ी और चुनाव आयोग की निष्पक्षता जैसे गंभीर मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही मणिपुर की स्थिति, बेरोजगारी, महंगाई, पेगासस जासूसी, किसानों की समस्याएं और हाल ही में आई बाढ़ एवं आपदा राहत जैसे मुद्दे भी विपक्ष के एजेंडे में हैं। लेकिन विपक्ष इन और ऐसे जरूरी मुद्दों पर चर्चा का माहौल बनाने की बजाय सरकार को घेरने की मानसिकता से ग्रस्त है। संसद की प्रासंगिकता तभी है जब उसमें देश की सच्चाइयों की प्रतिध्वनि हो और विपक्ष इसमें सकारात्मक भूमिका निभाये। गतिरोध के कारण दर्जनों विधेयक लंबित हैं, डेटा प्रोटेक्शन बिल, महिला आरक्षण बिल, वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा, कृषि कानूनों में संशोधन, आदि। ये सब विधेयक केवल कानून नहीं हैं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के जीवन से जुड़े ज्वलंत प्रश्न हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, विपक्ष सार्थक बहस से भाग रहा है या बहस में अड़ंगा डाल रहा है। सत्ता पक्ष भी कोई बीच का रास्ता निकालता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। दोनों की यह रस्साकशी देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य को कमजोर कर रही है। कोई भी पक्ष झुकने को तैयार नहीं दिख रहा। लेकिन, इसका असर संसद के कामकाज पर पड़ रहा है। दोनों सदनों का कीमती वक्त हंगामे में जाया हो रहा है और यह कोई पहली बार नहीं हो रहा है। पिछले वर्षों में इस तरह की गतिविधियां आम हो गई हैं।

विपक्ष चाहता है कि सरकार एसआईआर पर चर्चा कराए। लेकिन, सरकार नियमों का हवाला देकर कह रही है कि चुनाव आयोग स्वायत्त संस्था है और मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए चर्चा नहीं हो सकती। जवाब में, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी 2023 की एक रूलिंग निकाल कर उपसभापति को पत्र लिख दिया है। दोनों पक्ष नियमों के सवाल पर अड़े हैं, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि ये नियम सदन की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाए गए हैं, न कि कामकाज ठप्प कराने के लिए। मानसून सत्र शुरू होने के पहले ही अंदाजा था कि एसआईआर पर हंगामा होगा। इसके पीछे विपक्ष की अपनी आशंकाएं हैं। शुरूआत से ही यह प्रक्रिया विवादों में रही है। आधार और वोटर कार्ड को मान्य डॉक्युमेंट्स में शामिल न करने से लेकर बड़ी संख्या में लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर निकालने तक, इसमें कई पेच फंसे हैं। चुनाव आयोग ने संशोधित वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी कर दिया है और इसमें 65 लाख नाम हटाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की पूरी जानकारी मांगी है।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पिछले दिनों कहा था कि अगर विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहता है, तो देशहित में सरकार के सामने विधेयक पारित कराने की मजबूरी होगी। लेकिन, लोकतंत्र के लिए यही बेहतर होगा कि दोनों पक्ष सदन का इस्तेमाल रचनात्मक बहस के लिए करें। आम नागरिक संसद से समाधान की उम्मीद करता है, न कि शोरशराबा। जब लाखों युवा रोजगार की बाट जोह रहे हैं, किसान कर्ज में डूब रहे हैं, और आमजन महंगाई से त्रस्त है, तब संसद में ठहाके नहीं, तकलीफों की चर्चा जरूरी है। यह सवाल अब बार-बार उठ रहा है कि क्या संसद केवल दिखावटी बन गई है? अगर सरकार विपक्ष को केवल बाधा मानकर चलती है और विपक्ष केवल विरोध के लिए विरोध करता है, तो लोकतंत्र की आत्मा मरती है। जैसाकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था, ह्लसंसद को ठप्प करना आसान है, लेकिन संसद को चलाकर देश की उम्मीदों को साधना ही असली लोकतंत्र है। चुनाव आयोग एसआईआर की जरूरत को बता चुका है और शीर्ष अदालत ने भी उसे माना है। यह जरूरी भी है, क्योंकि भ्रष्ट वोटरों से चुनी जाने वाली सरकारें भी भ्रष्ट ही होती है। इसलिये चुनाव की इस विसंगति की सफाई होना जरूरी है, इस पर चर्चा की मांग को लेकर सत्ता पक्ष-विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ है तो बातचीत से इसका हल निकालना होगा ताकि संसद का कामकाज सुचारुरूप से चल सके। लोकतंत्र में सदन चलाने की जिम्मेदारी सरकार की होती है। लेकिन इसमें विपक्ष का सहयोग भी अपेक्षित होता है, दोनों को अपना यह दायित्व समझना चाहिए।संसद का हर सत्र, हर मिनट करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलता है। हर व्यवधान लाखों रुपये की बबार्दी है। यह नैतिक रूप से भी चिंताजनक है कि जनप्रतिनिधि बहस से अधिक हंगामे में समय गंवा रहे हैं। समाधान यही है कि सत्ता पक्ष विपक्ष की बात सुने, संवाद को प्राथमिकता दे। विपक्ष भी रचनात्मक विरोध करे, अनावश्यक बहिष्कार से बचे। लोकतंत्र बहस से ही मजबूत होता है, बहिष्कार से नहीं। वोटर लिस्ट रिवीजन पर चर्चा होनी चाहिए। जरूरी विधेयकों पर बहस होनी चाहिए। संसद को संकल्प का मंच बनना चाहिए, संग्राम का नहीं। जब तक संसद जनहित के सवालों पर गूंजेगी नहीं, तब तक लोकतंत्र अपंग ही रहेगा। जैसा कि डॉ. राधाकृष्णन ने कहा था-संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, यह राष्ट्र के विवेक की आवाज है। लेकिन जब यह विवेक ही हंगामे में दब जाए, तो संविधान की आत्मा कराह उठती है। आज जरूरत है कि संसद को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और नई मयार्दा मिले। संसद की गरिमा केवल आसनों से नहीं, आचरण से बनती है।

# रिश्तों और अर्थतंत्र को छिन्न भिन्न करता इंटरनेट और मोबाइल

**संजीव ठाकुर**

समाज मे आज मध्यम, निम्न वर्ग के लोगों के द्वारा मोबाइल, इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग से पारिवारिक व सामाजिक रिश्तो में सेंध पड़ गई है। बच्चे, युवा, पुरुष तथा महिलाएं मोबाइल तथा इंटरनेट के बेहद आदि हो गए हैं पुत्र पुत्रीयों की इस आदत से पीछा छुड़ाना भी अभिभावकों के लिये सिरदर्द बन चुका है। परिवार में यदि चार सदस्य हैं तो चारों के पास आज की सामाजिक व्यवस्था के तहत मोबाइल होना अत्यंत आवश्यक है और यही आवश्यकता परिवार तथा समाज के रिश्तों में भारी कड़वाहट पैदा कर रही है। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्ग व्यक्तियों तक मोबाइल की आदत एवं एक ही कमरे में अलग-अलग बैठकर अलग-अलग अपने मित्रों, सहपाठियों और रिश्तेदारों के भेजे गए मैसेज का जवाब, लाइक, फॉलो करने में लगे हुए रहते हैं। और परिवार के सदस्यों की इस आदत के कारण बच्चों का माता-पिता के प्रति आदर सम्मान एवं स्नेह जैसे खत्म होता जा रहा है। आपस में बात करने की ना तो जरूर समझते हैं ना ही गुंजाइश रह गई है। ऐसे वातावरण में पारिवारिक समरसता तथा एकता अब लगभग खत्म होती नजर आ रही है। छोटे बच्चे बिना मोबाइल देखें अब भोजन भी नहीं करते हैं। माताएं अपने बच्चों को दिल बहलाने और उन्हें खाना खिलाने के लिए मोबाइल तथा इंटरनेट का सहारा ले रही है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक तो है ही पर अब यह खतरनाक रूप ले चुकी है। पहले टेलीविजन ने फिर कंप्यूटर ने अब मोबाइल और इंटरनेट में सामाजिक व्यवस्था को छिन्न-भिन्न करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। इसके अलावा मध्यम वर्गीय परिवार में मोबाइल तथा इंटरनेट के भुगतान ने एक बड़ा आर्थिक बोझ डाल दिया है। जिससे निम्न मध्यम वर्गीय परिवार का बजट बिगड़ता नजर आ रहा है। अब परिवार में भोजन के बाद मोबाइल तथा इंटरनेट की सेवा सबसे आवश्यक हो गई है जो परिवार के लिए समाजार्थिक रूप से सर दर्द बन चुकी है। इस पर तुरंत अंकुश लगना चाहिए अन्यथा संयुक्त तथा एकल परिवार भी विघटन की स्थिति में आ जाएगें।

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत तूफानी विकास है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान-प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में 'अपारनेट' की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना, संगीत सुनना, चित्र बनाना, फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90% लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय संदर्भ में 142 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40% लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार, शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं।

# भिवंडी हादसे पर सख्त हुआ हाईकोर्ट , निर्माण स्थलों की सुरक्षा को लेकर 2024 में दायर की गई याचिका को फिर से खोल दिया

न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ एस डॉक्टर की पीठ ने कहा कि इस घटना ने उन चिंताओं को फिर से जगा दिया है जो अदालत ने पहले भी बड़ी निर्माण परियोजनाओं के आसपास जन सुरक्षा को लेकर जताई थीं। यह याचिका मूल रूप से 2023 में लोखंडवाला रेजीडेंसी टावर्स को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें ऊँची इमारतों वाले निर्माण स्थलों पर इस्तेमाल होने वाले निलंबित क्रेनों से उत्पन्न खतरों को उठाया गया था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बॉम्बे हाईकोर्ट ने ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो लाइन पर हाल ही में हुई एक दुर्घटना के बाद ऊँची इमारतों वाले निर्माण स्थलों पर सुरक्षा उपायों से संबंधित एक याचिका को फिर से खोल दिया। इस दुर्घटना में एक निमार्णाधीन पुल से लोहे की छड़ नीचे से गुजर रहे एक ऑटोरिक्शा यात्री के सिर में जा लगी थी। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ एस डॉक्टर की पीठ ने कहा कि इस घटना ने उन चिंताओं को फिर से जगा दिया है जो अदालत ने पहले भी बड़ी निर्माण परियोजनाओं के आसपास जन सुरक्षा को लेकर जताई थीं। यह याचिका मूल रूप से 2023 में लोखंडवाला रेजीडेंसी टावर्स को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी द्वारा दायर की गई थी, जिसमें ऊँची इमारतों वाले निर्माण स्थलों पर इस्तेमाल होने वाले निलंबित क्रेनों से उत्पन्न खतरों को उठाया गया था। पिछले साल, अदालत ने जोर देकर कहा था कि सार्वजनिक क्षेत्रों में क्रेन या निमार्णाधीन स्थलों से गिरती वस्तुएँ संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रदत्त नागरिकों के जीवन और स्वतंत्र आवागमन के अधिकार का उल्लंघन कर सकती हैं।

# सपा नेता अबू आजमी ने किया महाराष्ट्र में मतदाता सूची में हेरफेर का दावा, ऑडिट की मांग

समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अबू आजमी नेनिर्वाचन आयोग पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति पक्षपाती रवैया अपनाने की शुक्रवार को आलोचना की और महाराष्ट्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगाया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, समाजवादी पार्टी (सपा) नेता अबू आजमी नेनिर्वाचन आयोग पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति पक्षपाती रवैया अपनाने की शुक्रवार को आलोचना की और महाराष्ट्र की मतदाता सूची में हेरफेर का आरोप लगाया। सपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख ने पत्रकारों से बातचीत में दावा किया कि पिछले साल चुनाव से छह महीने पहले मानखुर्द-शिवाजी नगर विधानसभा क्षेत्र में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए थे और फिर उन्हें हटाकर इसमें गैर-निवासियों के नाम दर्ज कर दिए गए।

उन्होंने मतदाता सूचियों का तत्काल ऑडिट कराने के अलावा इसमें और अधिक विसंगतियों को रोकने के लिए शीघ्र सुधार की मांग की। महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए आजमी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण और वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट सहित कांग्रेस के प्रमुख नेताओं की हार इसी हेरफेर के कारण हुई। उन्होंने कहा, लोगों को निर्वाचन आयोग की गलत कार्यप्रणाली के खिलाफ सड़कों पर उतरना होगा। आजमी ने लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की रक्षा के लिए जवाबदेही की आवश्यकता पर जोर दिया।

इससे पहले समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख और विधायक अबू आसिम आजमी ने 2022 के उदयपुर सिर कलम मामले पर अपनी टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने इस घटना को पैगंबर मोहम्मद के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणियों की ₹प्रतिक्रिया₹ बताया है। आजमी की यह टिप्पणी उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर प्रतिक्रिया देते हुए आई है। यह फिल्म दर्जी कन्हैया लाल की उदयपुर में उनकी दुकान में दो लोगों द्वारा हत्या पर आधारित है, जब उन्होंने कथित तौर पर पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक पोस्ट शेयर की थी।

फास्ट ट्रैक

# माननीय प्रधानमंत्री दिनांक 10.08.2025 को तीन वंदे भारत ट्रेन, अर्थात अजनी (नागपुर)-पुणे वंदे भारत, बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत और कटरा-अमृतसर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी दिनांक 10.08.2025 को केएसआर बेंगलुरु रेलवे स्टेशन से तीन वंदे भारत ट्रेन, अर्थात अजनी (नागपुर)-पुणे वंदे भारत, केएसआर बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत और श्री माता वैष्णोदेवी कटरा-अमृतसर वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर माननीय केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे।

महाराष्ट्र को अजनी (नागपुर) और पुणे के बीच 12वीं वंदे भारत रेल सेवा मिलेगी और वर्धा-मनमाड के बीच अब तक अछूते रहे क्षेत्र को पहली वंदे भारत रेल सेवा मिलेगी।

नागपुर और पुणे दोनों ही तेजी से विकसित हो रहे बड़े शहर हैं जहाँ कई लघु एवं मध्यम उद्योग, शैक्षणिक एवं चिकित्सा संस्थान, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थल आदि हैं।

नागपुर जिसे संतरा नगरी/स्वास्थ्य सेवा नगरी के रूप में जाना जाता है और जिसे कभी-कभी महाराष्ट्र की शीतकालीन राजधानी भी कहा जाता है, भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से गहराई से जुड़ा है। दीक्षाभूमि वह स्थान है जहाँ बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म अपनाया था। यह बौद्धों का एक प्रमुख तीर्थस्थल है और बाबासाहेब आंबेडकर के लाखों अनुयायी यहाँ आते हैं। यह एक तीर्थस्थल भी है जहाँ रामटेक में भगवान राम का एक प्राचीन मंदिर है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह वह स्थान था जहाँ भगवान राम अपने वनवास के दौरान कुछ समय के लिए रुके थे, और अन्य धार्मिक महत्व के स्थान भी हैं।

एक शैक्षणिक केंद्र होने के अलावा, नागपुर एक चिकित्सा केंद्र भी है जहाँ एम्स और अन्य प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान विदर्भ क्षेत्र के सभी रोगियों की सेवा करते हैं।

नागपुर को भारत की बाघ राजधानी भी कहा जाता है, जहाँ इस क्षेत्र में कई वन्यजीव अभयारण्य हैं।

पुणे महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विख्यात पुणे का समृद्ध इतिहास महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ा है, जहाँ पुणे में उनका निवास स्थान लाल महल, उनका जन्मस्थान शिवनेरी किला और इस क्षेत्र के कई अन्य किले स्थित हैं।

प्रसिद्ध शनिवारवाड़ा, जो उस समय पेशवाओं का निवास स्थान था, भी पुणे में ही स्थित है। पुणे अपने विभिन्न प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के लिए जाना जाता है और यह एक तीर्थस्थल भी है, जहाँ शहर में प्रसिद्ध दगडू शेठ मंदिर और क्षेत्र के आलंदी, जेजुरी जैसे धार्मिक महत्व के अन्य स्थान स्थित हैं।

अजनी (नागपुर) और पुणे के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा शुरू होने से इन दोनों शहरों और रास्ते में पड़ने वाले स्थानों के बीच काम, व्यवसाय, पढ़ाई और पर्यटन के लिए यात्रा करने के इच्छुक यात्रियों की एक बड़ी आबादी को अत्यधिक लाभ होगा। यह व्यापारियों, छात्रों, नियमित यात्रा और विशेष यात्राओं पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए लाभदायक होगा और व्यापार एवं वाणिज्य के अवसरों को बढ़ाने के अलावा पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

अजनी (नागपुर) - पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस 881 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए सबसे लंबी दूरी तय करने वाली वंदे भारत ट्रेन होगी। यह महाराष्ट्र में चलने वाली 12वीं वंदे भारत ट्रेन है, और वर्धा-अकोला-शेगाँव-भुसावल-जलगाँव-मनमाड और पुणताम्बा और दौंड के बीच के क्षेत्रों को कवर करने वाली पहली वंदे भारत ट्रेन है।

# मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नर निकेत कौशिक के साथ एक अहम बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई-अहमदाबाद हाईवे और वसई-विरार शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम और बढ़ते नशे व अपराध पर लगाम लगाने के लिए वसई विधायक स्नेहा दुबे-पंडित ने बुधवार को मीरा भयंदर वसई विरार पुलिस कमिश्नर निकेत कौशिक के साथ एक अहम बैठक की। इस दौरान हाईवे समेत वसई की मुख्य सड़कों की मरम्मत जल्द ही शुरू होगी और नागरिकों को इसकी जानकारी देने के लिए भी चर्चा हुई। चिंचोटी, कामन, घोड़बंदर रोड और मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के तौर पर अगले हफ्ते सड़कों की मरम्मत का काम शुरू होगा। इसके लिए ट्रैफिक डायवर्ट करने और नागरिकों को उचित निर्देश देने पर विस्तृत चर्चा हुई। नागरिकों को असुविधा से बचाने के लिए नोटिफिकेशन के जरिए जानकारी देने, हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग रूट बनाने और रूट की उचित योजना बनाने पर चर्चा हुई। वसई-विरार इलाके में बढ़ते नशे और उसके कारण हो रहे अपराधों पर विशेष चिंता व्यक्त की गई। 15 अगस्त के बाद गाँवों में जनजागरूकता अभियान चलाने के बारे में पुलिस प्रशासन और सामाजिक संगठनों के साथ चर्चा हुई। इस बैठक में यातायात और सुरक्षा के तीन मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई। बैठक में विधायक स्नेहा दुबे पंडित के साथ पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक, मीरा-भायंदर मनपा आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, निर्माण विभाग के उप अभियंता गीते, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रय शिंदे और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने स्वच्छता अभियान के दौरान किया श्रमदान

- पश्चिम रेलवे पर बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है स्वच्छता अभियान
- पश्चिम रेलवे द्वारा श्रमदान और वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, भारतीय रेल द्वारा हमारे देश में मनाये जा रहे स्वतंत्रता दिवस समारोह के एक भाग के रूप में स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वच्छता के राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए ₹स्वच्छता अभियान₹ मनाया जा रहा है। यह अभियान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित सभी जोनों और उत्पादन इकाइयों में दो चरणों में अर्थात 1 से 15 अगस्त, 2025 तक और उसके बाद 16 अगस्त से 31 अक्टूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है। यह अभियान रेलवे के सभी क्षेत्रों अर्थात स्टेशनों, ट्रेनों, कॉलोनियों, कार्यालयों, डिपो और कारखानों आदि में स्वच्छता के प्रति हमारे प्रयासों को दर्शाता है, साथ ही कर्मचारियों और यात्रियों के बीच स्?वच्?छता के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देता है।इसी भावना के साथ पश्चिम रेलवे भी अपने सभी मंडलों और इकाइयों में ₹स्वच्छता अभियान₹ का सक्रिय रूप से पालन कर रही है। इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने 8 अगस्त, 2025 को मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर श्रमदान में अग्रणी भूमिका निभाई और एक मिसाल कायम की। इस अवसर पर मुंबई सेंट्रल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पंकज सिंह और अन्य वरिष्ठरेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी भी उनके साथ शामिल हुए। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सभी को रेलवे स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों के रखरखाव और सौंदर्यीकरण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद श्री गुप्ता ने वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ₹स्वच्छता अभियान₹ ₹स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत₹ के दृष्टिकोण के अनुरूप सफाई, स्वच्छता, पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता पर जोर देता है। इस अभियान की शुरूआत महाप्रबंधक, प्रमुख विभागाध्यक्षों और क्षेत्रीय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों, मंडल स्तर पर मंडल रेल प्रबंधकों और कारखाने स्तर पर मुख्य कारखाना प्रबंधकों द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाकर की गई, जिसमें स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।श्री विनीत ने आगे बताया कि कर्मचारियों और जन-स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी से कई स्थानों पर नुक्कड़ नाटक, स्वच्छ रथ रैलियाँ और प्रभात फेरियाँ आयोजित की जा रही हैं। आम जनता को जोड़ने के लिए स्वच्छता थीम पर आधारित सेल्फी बूथ स्थापित किए गए हैं। कर्मचारियों और प्रभावशाली व्यक्तियों की भागीदारी से स्टेशनों, कार्यालयों और रेलवे कॉलोनियों में सघन स्वच्छता अभियान और श्रमदान आयोजित किए जा रहे हैं। स्वच्छता कार्यकताओं के लिए स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। लोगों को स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रोत्साहित करने हेतु स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान चलाए जा रहे हैं। कैटरिंग कर्मचारियों के लिए जागरूकता अभियान और भोजनालयों, पेंट्री कारों और बेस किचन का निरीक्षण भी किया जा रहा है। यात्रियों को प्लास्टिक कचरे को कम करने और कचरे का उचित निपटान केवल कूड़ेदानों में करने के लिए प्लास्टिक बोतल क्रशर मशीनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हरित पहल के तहत, विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस समारोह सप्ताह के दौरान स्वच्छता अभियान में पश्चिम रेलवे की सक्रिय भागीदारी स्वच्छता, स्थिरता और सार्वजनिक सहभागिता के प्रति इसकी निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## हाईवे पर खतरनाक स्टंट

**सीट पर खड़े होकर बाइक दौड़ाई, दोनों हाथ को हवा लहराया**

गाजियाबाद, मोदीनगर क्षेत्र में एक युवक का हाईवे पर खतरनाक बाइक स्टंट करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। वीडियो में युवक तेज रफ्तार बाइक की सीट पर खड़े होकर बिना हाथ पकड़े बाइक चला रहा है

**पश्चिम रेलवे**

**अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान**

वरि. डीईई/पी/बीसीटी, मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-919-डब्ल्यूए-37, दि. 05.08.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : मुंबई मंडल : चर्चगेट, मुंबई सेंट्रल तथा वलसाड स्टेशन पर अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था का प्रावधान. **कार्य की अनुमानित लागत** : रु. 5,08,77,205.75. **ईएमडी** : रु. 4,04,400/-. **जमा करने की तिथि एवं समय** : 08.09.2025 को 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 08.09.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0472

Like us on : facebook.com/WesternRly

# पश्चिम रेलवे द्वारा बांद्रा टर्मिनस एवं भगत की कोठी के बीच एक अतिरिक्त रक्षाबंधन स्पेशल ट्रेन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीजन रक्षाबंधन के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से बांद्रा टर्मिनस एवं भगत की कोठी स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर एक और स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी।

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार हैः

1. ट्रेन संख्या 04828/04827 बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी स्पेशल [2 फेरे]

ट्रेन संख्या 04828 बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी स्पेशल सोमवार, 11 अगस्त, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 10:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:30 बजे भगत की कोठी पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 04827 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल रविवार, 10 अगस्त, 2025 को भगत की कोठी से 14:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 07:25 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुँचेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 2 टियर, एसी-3 टियर, एसी-3 टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और द्वितीय श्रेणी के सामान्य डिब्बे होंगे।

ट्रेन संख्या 04828 की बुकिंग 09 अगस्त, 2025 से पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# पश्चिम रेलवे पर रविवार, 10 अगस्त, 2025 को दिवसकालीन ब्लॉक नहीं

पश्चिम रेलवे के सांताक्रुज एवं माहिम स्टेशनों के बीच 09/10 अगस्त, 2025 की मध्यरात्रि को रात्रिकालीन ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे पर रेलपथ, सिगनलिंग प्रणाली तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु शनिवार/रविवार की मध्यरात्रि अर्थात 09/10 असस्त, 2025 को सांताक्रुज एवं माहिम स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर 00.00 बजे से 04.00 बजे तक तथा डाउन फास्ट लाइन पर 00.30 बजे से 04.30 बजे तक जम्बो ब्लॉक लिया जाएगा।पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ब्लॉक अवधि के दौरान फास्ट लाइन की सभी ट्रेनें अंधेरी और चर्चगेट स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाई जाएंगी। तदनुसार, पश्चिम रेलवे के उपनगरीय खंड पर रविवार, 10 अगस्त, 2025 को कोई दिवसकालीन ब्लॉक नहीं रहेगा।

**मध्य रेल**

**ई-टेंडर नोटिस**

**क्र सं.: 1. खुली निविदा संख्या : PR-AEE-ACB-25-26-756, दिनांक: 05.08.2025. कार्य का विवरण**: परेल सब स्टेशन में ४१५ V,३२०० A एयर सर्किट ब्रेकर की मरम्मत **मात्रा**: ०७ नग। **अनुमानित लागत**: रु.3,71,700/-. **निविदा प्रपत्र का शुल्क**: -. **ईएमडी**: रु.7,400/-. **समापन अवधी**: साठ दिन। **तिथी**: 26.08.2025. **क्र सं.: 2. खुली निविदा संख्या : PR-IMS-50001-24-25-716A, दिनांक: 05.08.2025.** कार्य का विवरण: ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली (ISO ५०००१ : २०१८) के नवीनीकरण हेतु प्रमाणन संस्था की 3 साल के लिए नियुक्ति। अनुमानित लागत: रु.1,84,080/-. **निविदा प्रपत्र का शुल्क**: -. **ईएमडी**: रु.3,700/-. **समापन अवधी**: उनतालीस माह। **तिथी**: 25.08.2025. वे प्रतिष्ठान जो उनकी व्यक्तीगत क्षमता मे न्यूनतम योग्यता मापदंड की पूर्तता करते हों उनसे ही यह ई-निविदा आमंत्रित की गयी है दोनों ई-निविदा की जमा करने की तिथी एवं अवधि १७:०० बजे तक है दोनों ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारीक वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है: AK-352

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई– निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/91/2025)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई– खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाए आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएगे। पूर्ण/विनिर्देश के लिए वेबसाईट "website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| क्र सं. | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 81246384 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ grooved रबर sole प्लेट. | 559 नंबर | 28.08.2025 |
| 2 | 40252751A | "4.5 KW अंडर स्लुंग कांस्टेंट वोल्टेज रेगुलेटेड cum इमरजेंसी बैटरी चार्जर फॉर LHB AC कोचेस कन्फर्मिंग | 188 नंबर | 01.09.2025 |
| 3 | 30252001B | बोगी फ्रेम अरेंजमेंट 13 फॉर नॉन AC Main लाइन कोचेस | 174 नंबर | 01.09.2025 |
| 4 | 20255015A | बोगी फ्रेम विथ ब्रेक rigging. | 2 सेट | 05.09.2025 |
| 5 | 20255021 | सेट ऑफ ballast assembly फॉर IGBT- बेस्ड पावर Converters. | 25 सेट | 10.09.2025 |
| 6 | 30251515 | प्रोक्योरमेंट ऑफ बॉल जॉइंट रोल लिंक फॉर flat बोगी ऑफ LHB कोचेस. | 4608 नंबर | 11.09.2025 |
| 7 | 30255003 | सप्लाई एंड इंस्टालेशन ऑफ इलेक्ट्रो- pneumatic pressurization फ्लशिंग सिस्टम | 50 केच सेट. | 25.09.2025 |
| 8 | 30251805 | Vestibule bellow कम्पलीट (RH साइड) फॉर Gangway ऑफ LHB टाइप कोचेस. | 339 नंबर | 29.09.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# महानगर पालिका द्वारा मध्यरात्रि में प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों की जब्ती





भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

माननीय आयुक्त श्री मनोज कुमार सूर्यवंशी एवं माननीय अपर आयुक्त श्री संजय हेरवाड़े के मार्गदर्शन में तथा माननीय उपायुक्त श्री अर्चना दिवे, षष्ठम आयुक्त नीता कोरे के आदेशानुसार, आज दिनांक 08/08/2025 को मध्यरात्रि में, वार्ड समिति ₹जी₹ के क्षेत्राधिकार में वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक श्री विकास पाटिल के नेतृत्व में प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में लगभग 3500 किलोग्राम (3.5 टन) प्रतिबंधित प्लास्टिक थैलियों का स्टॉक जब्त किया गया। साथ ही 5000/- रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। इस कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक विनोद पाटिल, गणेश घरत, केदार चव्हाण, अभिषेक कदम और मार्शल जितेश ठाकुर उपस्थित थे।

प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग, भंडारण एवं विक्रय करने वालों के विरुद्ध नगर निगम द्वारा नियमित कार्रवाई की जा रही है तथा भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ई-निविदा नोटीस क्र .बीएसएल/एसीएल/56255553**

उप मुख्य सामुग्री प्रबँधक एसीएल, मध्य रेल भुसावल और भारत के राष्ट्रपति द्वारा ई-निविदा आमंत्रित कि जा रही है। **ई-निविदा क्र. 56255553** जिसका समापन दिनांक **08-SEP-2025** को **11:30** बजे है। बोली लगाने वाले अपनी निविदा उपर दि गई तारीख तक जमा कर सकते है। केवल ई .बीड /ई-निविदा ही स्विकृत की जाएगी। हाथ से लिखा हुआ बीड स्विकृत नही किया जाएगा। **1] टेंडर शीर्षक:- निविदा नंबर: 56255553. निविदा प्रकार**: खूला/ विज्ञापित. **बोली लगाने की प्रक्रिया** : एकल बोली प्रक्रिया. **निरिक्षण संस्था**: TPI. **प्रकाशन दिनाँक/समय**: 07.08.2025 12:41:15. **अनुमानित मूल्य** : ₹ 70,09,171.68. **अंतीम तिथी**: 08-SEP-2025, 11:30 Hrs. **ऑफर की वैधता**: 90 Days. **मात्रा**: 12 SET. **2] मद का विवरण** :- Axle box complete without bearing (WAG-9 & WAP-7) confirming to CLW Specification No. CLW/MS/3/003 Alt.-5 and CLW Drg. No. 1209.01.111.005 Alt-4 or latest, 1209.01.111.006 Alt.-3 or latest and 1209.01.111.007 Alt-3 or latest. (Note:-Drg.no. 1209.01.111.005, 1209.01.111.006 & 1209.01.111.007 item ref.06, assembly paste supply will be Malykote 1000 instead of klubber NB 50. **3] विशेष सूचना**: इस निविदा का संपुर्ण विवरण **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। AK/BSL-07

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करे

**पश्चिम रेलवे की ओर से बांद्रा टर्मिनस ⇌ भगत की कोठी के बीच त्यौहार विशेष गाड़ी का संचालन**

| गाड़ी क्र. | आरंभिक स्टेशन तथा गंतव्य | संचालन के दिवस | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04828 | बांद्रा टर्मिनस – भगत की कोठी | 11.08.2025 | 10.30 बजे (सोमवार) | 04.30 बजे (अगले दिन) |
| 04827 | भगत की कोठी – बांद्रा टर्मिनस | 10.08.2025 | 14.30 बजे (रविवार) | 07.25 बजे (अगले दिन) |

**ठहराव** : बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, अबू रोड, पिंडवाडा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड, पाली मारवाड और लूणी स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में.

**संयोजन** : एसी 2-टीयर, एसी 3-टीयर, एसी 3-टीयर (इकॉनमी), शयनयान श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोचेस

ठहराव, संयोजन और समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

सभी पीआरएस काउंटर्स पर और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर **गाड़ी सं. 04828** के लिये बुकिंग **09.08.2025** से शुरू होगी. उपरोक्त गाड़ी को विशेष किराए पर विशेष गाड़ी के तौर पर संचालित किया जाएगा.

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly

PLEASE CARRY ORIGINAL ID PROOF FOR ALL RESERVED TICKETS

# कोली बंधुओं ने उत्साहपूर्वक मनाया नारली पूर्णिमा उत्सव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा की ओर से आयोजित नारली पूर्णिमा उत्सव आज ठाणे के कोली बंधुओं के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। पारंपरिक वेशभूषा में कोली बंधुओं ने उत्सव में भाग लिया। इस उत्सव में शामिल होने और देखने वालों की खाड़ी किनारे भरी भीड़ दिखाई दी। इस अवसर पर पूर्व उपमहापौर पल्लवी कदम, पूर्व नगर सेवक पवन कदम, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, सहायक आयुक्त सोपान भैक और ललिता जाधव, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर के साथ-साथ मनपा के कर्मचारी भी उपस्थित थे। कोली बंधुओं ने कलवा खारटन रोड पर



स्थापित मंच पर पालकी की विधिवत पूजा की और समुद्र में अर्पित नारियल की पूजा के बाद, गाजे-बाजे के साथ कलवा विसर्जन घाट तक जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में कोली बंधुओं ने भी भाग लिया। कलवा विसर्जन घाट पर पालकी की पूजा की गई और पालकी में रखे नारियल को कलवा खाड़ी में अर्पित किया गया। नारली पूर्णिमा कोली बंधुओं का एक पारंपरिक त्योहार है। कोली बंधुओं ने नदी में नारियल चढ़ाकर मछली पकड़ने की शुरूआत की। कोली बंधुओं ने हर साल नारली पूर्णिमा उत्सव मनाने के लिए ठाणे मनपा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पारंपरिक कोली नृत्य का एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# घर-घर तिरंगा अभियान के तहत नवी मुंबई के सभी स्कूलों में उत्साहपूर्वक आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

नवी मुंबई ,सरकार नागरिकों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए घर-घर तिरंगा अभियान चला रही है। इस वर्ष भी, 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है और इसी के तहत, नवी मुंबई मनपा द्वारा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, शिक्षा विभाग के उपायुक्त संघरत्न खिल्लारे और सहयोगी अधिकारियों व कर्मचारियों के नेतृत्व में, मनपा क्षेत्र के सभी स्कूलों और कनिष्ठ महाविद्यालयों में तिथिवार हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है। इसके तहत देश के उभरते नागरिकों के रूप में छात्रों के मन में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।



7 अगस्त को, स्कूलों और कनिष्ठ महाविद्यालयों के छात्रों ने तिरंगा राखियाँ बनाकर और स्कूल में अपने साथी छात्रों के साथ-साथ कुछ स्कूलों में सफाई कर्मचारियों और पास की पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों को तिरंगा राखियाँ बाँधकर रक्षाबंधन मनाया। इसी प्रकार, छात्रों को सैनिकों को पत्र का विषय देकर एक पत्र-लेखन गतिविधि लागू की गई। इसमें छात्रों ने पत्र-लेखन के माध्यम से देश की रक्षा करने वाले सैनिकों के बारे में अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

इसके अलावा, 5 अगस्त को, स्कूल और कनिष्ठ महाविद्यालय में तिरंगे का एक सेल्फी स्टैंड स्थापित किया गया और उस पर सेल्फी/फोटो खींचे गए और विभिन्न सोशल मीडिया पर प्रकाशित किए गए। इसी प्रकार, इसे केंद्र सरकार के पोर्टल www.harghartiranga.com पर #HarGharTiranga, #HarGharTiranga2025 2025 टैग्स का उपयोग करके अपलोड किया गया। इसी प्रकार, स्कूल और जूनियर कॉलेज में नियमित रूप से तिरंगा गीत और देशभक्ति गीतों का सामूहिक गायन किया गया।

6 अगस्त को तिरंगा थीम पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल स्तर पर तिरंगे के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सेनानियों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई और छात्रों को केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित वेबसाइट mygov.in पर प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कुछ स्कूलों में स्कूल की दीवारों और बोर्डों को तिरंगे की कलाकृति से सजाने की पहल की गई।

11 अगस्त, 2025 को स्कूल स्तर पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रति समर्पित देशभक्ति की भावना के साथ हाथ में तिरंगा लेकर एक मैराथन का आयोजन किया जाएगा और राष्ट्रीय ध्वज पर गर्व व्यक्त करने के लिए सामूहिक तिरंगा प्रतिज्ञा ली जाएगी। 12 अगस्त को स्कूलों और जूनियर कॉलेजों में तिरंगा प्रदर्शनी की अभिनव पहल के तहत, हर घर तिरंगा वेबसाइट से फि ल्में और अन्य प्रचार सामग्री स्कूल में उपलब्ध प्रोजेक्टर या टीवी पर दिखाई जाएगी। 15 अगस्त को, भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह की तरह, स्कूल परिसर में तिरंगा प्रभात यात्रा निकाली जाएगी।

इस प्रकार, स्कूल और जूनियर कॉलेज स्तर पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, और नवी मुंबई मनपा आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे नवी मुंबई के नागरिकों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी/फोटो www.harghartiranga.com वेबसाइट पर अपलोड करने और #HarGharTiranga, #HarGharTiranga2025 2025 हैशटैग जोड़ने की अपील कर रहे हैं।

फास्ट ट्रैक

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

## परिवार ने तलाशा, सुबह ट्रैक पर दो हिस्सों में मिला शव

शाहजहांपुर, 19 वर्षीय युवक प्रगांशु की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। गुरुवार रात करीब नौ बजे घर से निकले प्रगांशु का शव लोधीपुर स्थित मजार के पास रेलवे पटरी पर दो हिस्सों में मिला। रोजा थाना क्षेत्र के हथौड़िया गांव निवासी प्रगांशु घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। परिवार ने रात भर उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। किसी ने प्रगांशु के भाई प्रिंस को सूचना दी कि उसका शव रेलवे पटरी पर पड़ा है। प्रगांशु के पिता ने बताया कि उनका बेटा आठवीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद उनके साथ



माली का काम कर रहा था। गुरुवार शाम को वे दोनों कहीं गए थे। सब कुछ ठीक था। परिवार में कोई विवाद नहीं हुआ था।परिवार का आरोप है कि पांच महीने पहले प्रगांशु के ताऊ को गांव के कुछ लोगों ने पीटा था। जब वे बचाने गए थे, तब दबंगों ने उनसे रंजिश मान ली थी और देख लेने की धमकी दी थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक जिले से बाहर जाकर काम करने की जिद कर रहा था। जिसे परिवार रोक रहा था। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पूरे मामले की जांच जारी है।

# उल्हासनगर शहर ने 8 अगस्त को मनाया अपना 76 वां स्थापना दिवस।

## हर घर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

उल्हासनगर.उल्हासनगर भारत-पाकिस्तान के बंटवारे के दंश से उपजा देश का एकमात्र शहर है जिसे पाकिस्तान से आए हुए सिंधी और पंजाबी शरणार्थी समुदाय ने बसाया था। कल्याण कैंप के नाम से जाने जाने वाले इस ब्रिटिश कैंप को 8 अगस्त 1949 को उल्हासनगर नाम दिया गया। 8 अगस्त 1949 के ही दिन इस ऐतिहासिक उल्हासनगर शहर के शिलालेख को तत्कालीन गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने रखा था। स्वतंत्र भारत के गौरवशाली इतिहास के दर्दनाक हालातों से जन्मा यह व्यापारिक शहर उल्हासनगर ने अपनी सड़कों पर उपजे अनगिनत गड्ढों के बीच शुक्रवार को अपना 76 वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस विशेष दिन पर उल्हासनगर मनपा और शहर के विभिन्न राजनीतिक दलों, संगठनों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्व ढंग से मनाया। शुक्रवार प्रातः मनपा परिसर में राष्ट्रगान और राज्य गान का सम्मानपूर्वक गायन हुआ और राष्ट्रगान के बाद उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने मनपा प्रांगण



में स्थित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके पश्चात मनपा परिसर में उपस्थित मनपा के अधिकारी, कर्मचारी, अग्निशमन कर्मी, सुरक्षा गार्ड, मेडिकल टीम स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं की ₹ हर घर तिरंगा रैली₹ निकाली गई। यह रैली मुख्यालय परिसर से शुरू होकर चोपड़ा कोर्ट, डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विराट अम्बे स्पोर्ट्स क्लब स्विमिंग पूल स्थित उल्हासनगर शिलालेख तक पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर केंद्रित कर तिरंगा रैली निकाली गई। यहां स्थित ऐतिहासिक शिलालेख पर उपस्थित उमनपा अधिकारी, कर्मचारियों और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गयी।उल्हासनगर स्थापना दिवस पर हर घर तिरंगा रैली कार्यक्रम में स्थानीय आमदार कुमार आयलानी, उल्हासनगर भाजपा अध्यक्ष राजेश वधारिया, सिंधी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरमानी, उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी, एसएसटी कॉलेज, सेवासदन कॉलेज, वेदांता कॉलेज, पसेंट पॉल कॉलेज, आर.के.टी कॉलेज भारत कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज बदलापुर, के.डी.कॉलेज, हीरानंदानी फार्मा कॉलेज, सीएचएम कॉलेज, एसएचएम कॉलेज, एन.एस.एस., एनसीसी के छात्र छात्राओं शिक्षकों आदि ने सैंकड़ो की संख्या में रैली में हिस्सा लिया।

# पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव का झूठा दिखावा बंद कर सच्ची जागरूकता फैलाएं : डॉ प्रशांत सिनकर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , रंग-बिरंगी, रसायन-युक्त, पॉप-अप मूर्तियों का विसर्जन आज भी खाड़ियों के किनारे और तालाबों में किया जा रहा है। कृत्रिम तालाब बनाकर उनमें रखी मूर्तियों को वापस खाड़ियों में डाल दिया जाता है। पंथों या सामाजिक संगठनों की भागीदारी के बावजूद, सरकार का नियंत्रण कम होता जा रहा है। ₹पर्यावरण-अनुकूल₹ नाम के पीछे सिर्फ.एक प्यारा सा मुखौटा लगाया जा रहा है - लेकिन पर्यावरण संरक्षण का मूल उद्देश्य ही खो गया है। इस आशय की बात पर्यावरण पत्रकार डॉ प्रशांत सिनकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस को लिखे में कहा है। उन्होंने कहा है कि आप राज्य का नेतृत्व जिम्मेदारी से कर रहे हैं और पर्यावरण मित्रता के प्रति आपका रुख हमेशा स्पष्ट और सकारात्मक रहा है। इसीलिए, एक जागरूक नागरिक और पर्यावरण पत्रकार होने के नाते, मैं आपके समक्ष अपने दिल की पीड़ा व्यक्त कर रहा हूँ। पिछले कुछ वर्षों से, राज्य सरकार, मनपा, नगर परिषद और कई सरकारी संस्थाएँ ₹पर्यावरण अनुकूल गणेशोत्सव₹ की आड़ में बड़े गर्व के साथ गतिविधियाँ चला रही हैं। लेकिन वास्तव में, इस अवधारणा का सार केवल प्रचार तक ही सीमित रह गया है। इसलिए, मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि ₹पर्यावरण-अनुकूल गणेशोत्सव₹ जैसे भ्रामक रूपक का प्रयोग बंद करें। इसके बजाय, एक विचारोत्तेजक, प्रेरक नाम का प्रयोग करें। जैसे सजग गणेशोत्सव, सुजान गणेशोत्सव, संस्कृति गणेशोत्सव, संपूर्ण शाश्वत गणेशोत्सव, निसर्गनिष्ठ गणेशोत्सव ये नाम न केवल मूर्तियों को, बल्कि गणेशोत्सव की समग्र सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी को भी उजागर करेंगे। यह बदलाव लोगों के मन में नए विचार जगाएगा और पर्यावरण संरक्षण का सच्चा संदेश उन तक पहुँचेगा। हमने पर्यावरण के संबंध में कई निर्णायक निर्णय लिए हैं। मुझे आशा है कि आप भी इस छोटे लेकिन महत्वपूर्ण मुद्दे पर गंभीरता से विचार करेंगे। बता दें कि डॉ सिनकर अपनी पत्रकारिता करते हुए जीव , जंतुओं और पर्यावरण संरक्षण ,संवर्धन को हमेशा प्रमुखता दी है। उनके विचार में मानव स्वास्थ्य ही नहीं जीव जंतुओं के संरक्षण का बड़ा महत्व रहा है। जलवायु परिवर्तन , प्रदूषण नियंत्रण , पर्यावरण संवर्धन व संरक्षण पर बहुत कुछ लिखा। आज की व्यावसायिक पत्रकारिता के युग में डॉ सिनकर ने पर्यावरण को चुना। इसके लिए कभी कभी वे अपने मित्रों की हँसी के पत्र बने और मुस्कुरा कर सुन लेते थे। वे अपने विचारों के अनुसार पर्यावरण के विषय में अपनी लेखनी चलते रहे। उन्हें देश विदेश में लोगों ने समझा और उनके इन्हीं कार्यों को देखते एक नहीं कई डॉक्टरेट की उपाधियों से सम्मानित भी किया।

# पति ने पत्नी की शादी प्रेमी से कराई

## शाहजहांपुर में पत्नी को प्रेमी के साथ देखा, अगले दिन दोनों को मिलाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




शाहजहांपुर, एक अनोखा मामला सामने आया है जहां एक पति ने अपनी पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करा दी। थाना निगोही क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की शादी करीब 15 साल पहले पीलीभीत जिले की रहने वाली महिला से हुई थी। दोनों के एक बेटा और एक बेटी है। कुछ समय पहले पत्नी का क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक से प्रेम संबंध हो गया। दोनों चोरी-छिपे एक-दूसरे से मिलने लगे। पति किसी काम से बाहर गया था। जब वह घर वापस आया तो उसने मकान के अंदर पत्नी को उसके प्रेमी के साथ देख लिया। उस वक्त प्रेमी वहां से भाग गया। इस घटना के बाद घर में विवाद हुआ। विवाद के बाद पति ने फैसला किया कि वह पत्नी का उसके प्रेमी के साथ विवाह करा देगा। उसने इस बारे में अपने परिवार से चर्चा की। सभी की सहमति मिलने के बाद गुरुवार को पति ने पत्नी के प्रेमी से संपर्क किया। प्रेमी को ब्लॉक में बुलाया गया और वहां सभी की सहमति से पति ने पत्नी की शादी उसके प्रेमी से करा दी। यह अनोखी शादी अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि दोनों पक्षों ने मीडिया से इस मामले पर कोई बातचीत नहीं की है।

# नाबालिग और युवती को भगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- नाबालिग के साथ दुष्कर्म के साक्ष्य मिले, दो दिन तक कमरे में बंद रखा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, पुलिस ने कांट थाना क्षेत्र से दो अलग-अलग मामलों में नाबालिग और युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की लापता हो गई थी। पीड़िता के पिता ने 5 अगस्त को रहतरा गांव के चंद्रसेन और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गए और दो दिन तक एक कमरे में बंद रखा। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी चंद्रसेन को रावतपुर के नकासा बाजार जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया। जांच में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने मामले में पाक्सो एक्ट की धाराएं जोड़कर आरोपी को जेल भेज दिया है। दूसरे मामले में, कांट थाने के एक अन्य गांव के एक पिता ने अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का




आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में अवनीश का नाम सामने आया। जानकारी के अनुसार, अवनीश ने सुधीर और गीता के सहयोग से युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अवनीश को गुमटानी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है।

# प्रभारी मंत्री ने राहत शिविर और नदी का किया निरीक्षण

## बाढ़ से निपटने के लिए अधिकारियों की छुट्टियां रद्द, 63 राहत शिविर स्थापित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने लोधीपुर स्थित खनौत नदी का भी जायजा लिया। पिछले कुछ दिनों में पानी छोड़े जाने से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ संबंधित अधिकारियों की छुट्टियां निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सांप और कुत्ते काटने की दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बाढ़ के संबंध में लापरवाही करने वालों के



खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए। मंत्री ने एनटीआई स्कूल में बने राहत शिविर में पहुंचकर प्रभावित लोगों से बातचीत की और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने खन्नौत नदी के बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र लोधीपुर का निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि जल स्तर बढ़ने से प्रभावित होने वाले घरों को खाली कराकर लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। साथ ही उनके खाने-पीने और रहने का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने बैठक में बाढ़ से निपटने की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं। जिससे बाढ़ आने पर लोगों को किसी प्रकार की समस्या न हो। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए 71 बाढ़ चौकियां और 63 राहत शिविर बनाए गए हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। जनपद में 50 नावें और 10 मोटर बोट उपलब्ध हैं।

आवश्यकता पड़ने पर चयनित फर्म द्वारा अतिरिक्त नावें उपलब्ध कराई जाएंगी। जनपद में 31 गोताखोर और 7 मेडिकल टीमें तैनात हैं। इसके अलावा 30 चिकित्सक, 60 पर्यवेक्षक और 131 कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पीएसी में एसडीआरएफ कि टीमें अपने संसाधन बढ़ा लें। किसी भी गंभीर समस्या से निपटने के लिए पूरा प्रशासन अलर्ट रहे। सभी बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता पर मदद मिलें।

# कार में मिला डॉक्टर का शव

## सब्जी खरीदने गए थे, मोबाइल गायब, बहनोई ने जताई हत्या की आशंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, एक डॉक्टर बेहोशी की हालत में कार के अंदर मिले। उन्हें अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान डॉक्टर गिरजाशंकर के रूप में हुई है। गिरजाशंकर बाजार से सब्जी लेने गए थे। पोस्टमार्टम हाउस पर आए मृतक के बहनोई का आरोप है कि उनका मोबाइल गायब है। कार खुली थी और चाबी टूटी थी। फिलहाल पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।



बहनोई ने हत्या की आशंका जताई है। थाना रोजा क्षेत्र के लोक बिहार कालोनी के रहने वाले डॉक्टर गिरजाशंकर (40) एक निजी मेडिकल कॉलेज में फिजियोथेरेपिस्ट थे। वह रेती रोड पर अपना क्लिनिक भी चलाते थे। गुरुवार की दोपहर वह पत्नी नीलम से बाजार जाने का कहकर कार से निकले थे। हथौड़ा चौराहा पर खड़ी मिली कार देर शाम उनकी कार हथौड़ा चौराहा के पास खड़ी मिली। काफी देर तक खड़ी देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो डॉक्टर बेहोश थे और परिवार को सूचना दी। परिजन एंबुलेंस से उनको राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर आए। घर वालों का विवाद से इंकार मृतक के बहनोई राजवीर सिंह ने बताया कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। उनका आरोप है कि कार उस समय खुली थी। टूटी हुई चाबी स्टेयरिंग के लॉक में फंसी थी। उनका मोबाइल भी अब तक नहीं मिला है।

# साले ने कराया था जीजा पर जानलेवा हमला

## बोला– बहन को भगाकर ले गया था, बहुत बेज्जती हुई, ढाई लाख में हायर किए शूटर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, दो दिन पहले एक युवक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक आरोपी घायल युवक की पत्नी का सगा भाई निकला है। थाना सेहरामऊ दक्षिणी के सिंगराह गांव के रहने वाले विकेश कुमार को दो दिन पहले घर जाते समय बाइक सवार तीन युवकों ने गोली मार दी थी।

गंभीर हालत में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया। बाद में उसे बरेली रेफर किया गयां। पुलिस जांच में सामने आया कि हमला घायल की पत्नी के भाई प्रयांशु सिंह के इशारे पर किया गया था। प्रयांशु डींगुरपुर का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि विकेश उसकी बहन को भगाकर ले गया था। इससे उसके परिवार की बेइज्जती हुई थी। बदला लेने के लिए



प्रयांशु ने अपने ममेरे भाई सुमित के साथ मिलकर लखीमपुर के तीन युवकों से संपर्क किया। तीन आरोपी लखीमपुर के रहने वाले हमला करने के लिए उसने उन्हें ढाई लाख रुपये देने का वादा किया था। पुलिस ने तीनों हमलावरों अंकित गुप्ता, गौरव शर्मा और विकास को भी गिरफ्तार कर लिया है। ये तीनों लखीमपुर के थाना पसगवां क्षेत्र के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। प्रयांशु ने हमलावरों को वाट्सएप पर विकेश का फोटो भेजा था और एक बार उसकी दुकान के पास जाकर उसकी पहचान भी कराई थी। हमले के बाद आरोपियों ने प्रयांशु को फोन करके काम पूरा होने की जानकारी दी थी।

# सड़क किनारे युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, रक्षाबंधन पर ससुराल से लौट रहा था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, थाना खुटार क्षेत्र में एक युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे शव मिला है। मृतक की पहचान धनसिंहपुर गांव के 26 वर्षीय संदीप के रूप में हुई है। उसके पास एक टूटी हुई बाइक भी मिली, जिस पर नंबर प्लेट नहीं थी। संदीप अपनी पत्नी शीरमति के साथ फूहाविया गांव स्थित ससुराल गया था। रक्षाबंधन के अवसर पर वह अपने घर वापस लौट रहा था। पत्नी ने उसे रोकने की कोशिश की थी, लेकिन वह अपने परिवार के साथ रक्षाबंधन मनाना चाहता था। महारानीगंज चठिया और प्रसादपुर गांव के बीच सड़क पर संदीप का शव मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। परिजनों का आरोप है कि संदीप के पास कोई बाइक नहीं थी और घटनास्थल पर मिली टूटी बाइक किसकी है, यह संदेह का विषय



है। परिवार ने कहा कि शव की स्थिति हादसे की नहीं बल्कि हत्या की ओर इशारा करती है। उन्होंने बताया कि संदीप के एक पैर का जूता भी गायब है, जो संदेह को और बढ़ाता है। वहीं खुटार थाना प्रभारी का कहना है कि यह एक सड़क दुर्घटना का मामला है। उनके अनुसार, युवक काफी दूर तक घसीटता हुआ गया था। पुलिस बाइक के मालिक की पहचान करने के लिए गहराई से जांच कर रही है। परिजनों और पुलिस के बीच घटना को लेकर मतभेद है।

परिजन इसे हत्या मान रहे हैं, जबकि पुलिस इसे सड़क दुर्घटना बता रही है। मामले की जांच जारी है।

# चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की

## कहा- हम इसके गलत इस्तेमाल के खिलाफ; भारत से ट्रेड डील पर बातचीत नहीं करेंगे ट्रम्प

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, चीन ने भारत पर लगे अमेरिकी टैरिफ की निंदा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने गुरुवार को इसे ₹टैरिफ का दुरुपयोग₹ करार दिया। गुओ ने कहा- 'चीन साफ तौर पर टैरिफ के गलत इस्तेमाल के खिलाफ है।' उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका को तकनीकी और व्यापारिक मुद्दों का राजनीतिकरण बंद करना चाहिए। चीन का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के उस एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के जवाब में आया, जिसमें भारत पर रूसी तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया गया है। वहीं, ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। ट्रम्प भारत पर



अब तक 50% टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। उन्होंने 30 जुलाई को 25% टैरिफ लगाया था, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। वहीं, 6 अगस्त को एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर भारत पर 25% टैरिफ और बढ़ा दिया है, जो 27 अगस्त से लागू होगा। अमेरिका में भी ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के डेमोक्रेट्स ने चेतावनी दी कि यह कदम भारत-अमेरिका संबंधों को नुकसान पहुंचा सकता है। कमेटी के मेंबर ग्रेगरी मीक्स ने कहा, ₹ट्रम्प का यह टैरिफ फैसला भारत-अमेरिका के बीच रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को कमजोर कर सकता है।₹ इधर, अमेरिकी विदेश विभाग ने 7 अगस्त की रात जारी बयान में भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया। मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टॉमी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। भारत-अमेरिका के बीच बाइलैटरल ट्रेड एग्रीमेंट पर अब तक 5 राउंड बातचीत हुई है। छठे राउंड की चर्चा के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी अधिकारियों को भारत आना था। अब ट्रम्प के बयान के बाद इस बातचीत को लेकर स्थिति साफ नहीं है। दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक ट्रेड एग्रिमेंट्स के पहले चरण को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है। ट्रेड डील को लेकर वार्ता का पिछला राउंड वॉशिंगटन में हुआ था। ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए भारत को 'टैरिफ का महाराजा' कहा था। नवारो ने कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नॉन-टैरिफ बाधाएं लगाता है। इससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। नवारो ने कहा कि भारत अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डॉलर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है।

# अमेरिका का वेनेजुएलाई राष्ट्रपति पर 50 करोड़ डॉलर का इनाम

## 70 करोड़ डॉलर की संपत्ति भी जब्त; वर में ड्रग्स सप्लाई का आरोप

एजेंसी

काराकास, अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो की गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर, यानी 418 करोड़ इनाम रखा है। ट्रम्प प्रशासन ने आरोप लगाया है कि मदुरो दुनिया के सबसे बड़े नार्को-तस्करों में से एक हैं। मुदरो पर आरोप है कि वे ड्रग कार्टेल के साथ मिलकर अमेरिका में फेंटानिल मिला कोकीन भेज रहे हैं। बॉन्डी ने कहा कि न्याय विभाग ने मदुरो से जुड़े 70 करोड़ डॉलर से अधिक की संपत्ति जब्त की है। इसमें दो प्राइवेट जेट भी शामिल हैं। मदुरो पर 2020 में मैनहैटन की संघीय अदालत में नार्को-टेररिज्म और कोकीन तस्करी की साजिश के



आरोप तय किए गए थे। उस समय ट्रम्प प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 1.5 करोड़ डॉलर का इनाम रखा था। इसे बाद में बाइडेन प्रशासन ने बढ़ाकर 2.5 करोड़ डॉलर कर दिया। यही इनाम अमेरिका ने 9/11 हमलों के बाद ओसामा बिन लादेन की गिरफ्तारी पर रखा था। मदुरो 2013 से वेनेजुएला की सत्ता में बने हुए हैं। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और लैटिन अमेरिकी देश उन पर चुनावों में धोखाधड़ी का आरोप लगाते रहे हैं। 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में इन देशों ने मदुरो पर धांधली का आरोप लगाया था। वेनेजुएला और अमेरिका के बीच कई दशकों से राजनीतिक मतभेद रहे हैं। वेनेजुएला, अमेरिकी की पूंजीवादी और विदेश नीतियों को लेकर आलोचना करता है, तो वहीं अमेरिका, वेनेजुएला में मानवाधिकार के उल्लंघन पर नाराजगी जताता रहा है। लगभग 100 साल पहले वेनेजुएला में तेल भंडारों की खोज हुई थी। तेल की खोज होने के 20 साल बाद ही वेनेजुएला दुनिया के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में से एक बन गया। उसे लैटिन अमेरिका का सऊदी अरब कहा जाने लगा। 1950 के दशक में वेनेजुएला दुनिया का चौथा सबसे धनी देश था, लेकिन आज इस देश की हालत खराब हो चुकी है। देश की 75 फीसदी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। बीबीसी के मुताबिक पिछले 7 साल में करीब 75 लाख लोग देश छोड़कर चले गए हैं। दरअसल, वेनेजुएला लगभग पूरी तरह से तेल पर निर्भर था। 80 के दशक में तेल की कीमतें गिरने लगीं। कीमतों में गिरावट ने वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था को भी नीचे ला दिया। सरकारी नीतियों की वजह से वेनेजुएला अपना कर्ज चुकाने में फेल होने लगा। बाद में तेल के दाम बढ़े भी तो वह इसका फायदा नहीं उठा सका।

2015 में अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से वेनेजुएला की हालत और खराब हो गई है।

# ट्रम्प आर्मेनिया-अजरबैजान के बीच 37 साल पुरानी जंग खत्म कराएंगे

## दोनों देशों के नेताओं से मुलाकात; अबतक 6 जंग रुकवाने का दावा

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच चल रही 37 साल पुरानी जंग खत्म कराएंगे। इसके लिए वे शुक्रवार को व्हाइट हाउस में दोनों देशों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। रॉयटर्स के मुताबिक आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पशिनयान और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव व्हाइट हाउस में एक आधिकारिक शांति समझौते पर भी हस्ताक्षर कर सकते हैं। ट्रम्प ने इस मुलाकात को दोनों देशों के बीच शांति समिट बताया है। ट्रम्प अब तक दुनियाभर में 6 जंग खत्म करवाने का दावा कर चुके हैं। भारत-पाकिस्तानः 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच 7 मई को संघर्ष शुरू हुआ। यह 4 दिन चला। ट्रम्प ने इसे रुकवाने का दावा किया, हालांकि भारत ने इससे इनकार किया है। इजराइल-ईरानः यह जंग 13 जून को शुरू हुआ जब इजराइल ने ईरान के प्रमुख सैन्य और परमाणु सुविधाओं पर हमला किया। ये जंग 12 दिनों तक चला। थाईलैंड-कंबोडियाः 24 जुलाई को प्रसात ता मुएन थॉम मंदिर के पास सीमा विवाद के कारण सैन्य झड़प शुरू हुई। 5 दिन बाद यह संघर्ष थम गया। रवांडा- कांगोः 2023 में रवांडा के एम23 विद्रोही समूह ने जातीय भेदभाव के कारण कांगो में हमले शुरू किए।



जून 2025 में ये हिंसा तेज हुई। इसके बाद ट्रम्प ने जून में दावा किया कि उनके प्रशासन ने रवांडा और कांगो के बीच सीजफायर करवाया है। सर्बिया-कोसावोः 2023 में कोसोवो के बनज्स्का में सर्बियाई हमलावरों और कोसोवो पुलिस के बीच हिंसक झड़प से जंग शुरू हुई थी। ये 2025 में जारी भी जारी रही। ट्रम्प ने जून में दावा किया था कि उन्होंने हस्तक्षेप कर इस जंग को रोका था। मिस्र-इथियोपियाः 2020 में नील नदी पर ग्रैंड इथियोपियन रेनेसां डैम (जीईआरडी) के पानी के उपयोग को लेकर संघर्ष शुरू हुआ। जुलाई 2024 में मिस्र ने सैन्य तैनाती बढ़ाई, जिससे विवाद बढ़ा। ट्रम्प ने जून 2025 में मिस्र-इथियोपिया विवाद सुलझाने की बात कही। ट्रम्प ने इसे आर्मेनिया, अजरबैजान, अमेरिका और पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के साथ आर्थिक अवसरों को बढ़ाने के लिए द्विपक्षीय समझौते भी किए जाएंगे। ट्रम्प ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन दक्षिण काकेशस क्षेत्र की संभावनाओं को पूरी तरह खोलने में मदद करेगा। 1920 के दशक में, सोवियत संघ ने आर्मेनिया और अजरबैजान पर कब्जा कर लिया था।

1980 के दशक के दौरान सोवियत संघ का शासन कमजोर हुआ। इसके बाद 1988 में नागोर्नो-कराबाख की संसद ने आर्मेनिया के साथ जाने का फैसला किया। इससे इलाके में रहने वाले अजरबैजानी लोगों के बीच गुस्सा बढ़ गया। दोनों समुदायों के बीच 1991 में हिंसक झड़पें तेज हो गई। आर्मेनियाई लोग ईसाई हैं, जबकि अजरबैजानी तुर्किश मूल के मुस्लिम हैं। इन धार्मिक और सांस्कृतिक अंतरों ने दोनों समुदायों के बीच अविश्वास और टकराव को बढ़ाया।

# जर्मनी ने इजराइल को हथियार देने पर रोक लगाई

## गाजा जंग में इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे; गाजा सिटी पर कब्जा करेगा इजराइल

एजेंसी

तेल अवीव, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्त्ज ने शुक्रवार को ऐलान किया है कि जर्मनी अगले आदेश तक इजराइल को गाजा जंग में इस्तेमाल होने वाले हथियारों की सप्लाई नहीं करेगा। इजराइल पर जंग के दौरान गाजा में निर्दोष लोगों को मारने के कई आरोप लगे हैं। इस वजह से जर्मनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मद्देनजर यह कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट्स



के मुताबिक, अब तक गाजा जंग में 60 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। वहीं, दूसरी तरफ इजराइल की सुरक्षा कैबिनेट ने शुक्रवार को गाजा पट्टी के उत्तरी इलाके में मौजूद गाजा सिटी पर कब्जे के लिए इजराइली सेना को मंजूरी दे दी है।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की है। फैसले के लिए कैबिनेट ने 10 घंटे तक चर्चा की है। बैठक करीब 10 घंटे चली और उसके बाद नेतन्याहू के कार्यालय से सुबह-सुबह एक बयान जारी किया गया जिसमें कहा गया कि कैबिनेट के ज्यादातर सदस्य इस योजना के पक्ष में थे।

इजराइल की योजना का मकसद गाजा शहर में उन इलाकों में घुसना है जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है। ये वो इलाके हैं जहां अब तक इजराइली सेना ने बड़े पैमाने पर कार्रवाई नहीं की है। इजराइली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75% हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25% इलाके में है, जो आईडीएफ के कब्जे में नहीं हैं। इससे पहले नेतन्याहू ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे की बात कही थी, लेकिन इस बयान में केवल गाजा सिटी का जिक्र है।

# भाजपा का तंज, राहुल का दावा ऐसा है जैसे कोई उसी डाल को काट रहा हो जिस पर वह बैठा हो

**राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोप पर भाजपा ने कहा कि यह सारा काम झूठ फैलाने के लिए किया गया.**




**चुनाव आयोग के आंकड़ों का हवाला देते हुए यादव ने कहा कि पिछले साल नवंबर में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में मतदाताओं की संख्या उस वर्ष के शुरू में हुए लोकसभा चुनावों की तुलना में 40 लाख से अधिक बढ़ी थी, न कि एक करोड़, जैसा कि गांधी ने दावा किया है.**

एजेंसी

नई दिल्ली : राहुल गांधी के द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोप पर भाजपा ने तंज कसा है. इस बारे में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह इस तरह का मामला है जैसे कोई उसी डाल को काट रहा है जिस पर वह बैठा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अधिकतर सीटें वहीं जीतीं जहां मतदाताओं की संख्या बढ़ी है. केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गांधी पर विपक्ष के नेता के लिए अनुचित भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक निकाय के अधिकारियों को सत्तारूढ़ भाजपा की मदद करने में उनकी कथित भूमिका के लिए परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी. उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता ने अपना पक्ष रखने के लिए लंबे समय तक तैयारी की थी, लेकिन उनके आरोप का मूल तर्क गलत निकला. उन्होंने दावा किया कि यह सारा काम झूठ फैलाने के लिए किया गया. भाजपा नेता ने कहा कि अब से उनके हर दावे को 60 प्रतिशत तक कम कर दिया जाना चाहिए. कांग्रेस और उसके सहयोगियों द्वारा जीती गई माधा, मोहोल, नागपुर पश्चिम और नागपुर उत्तर जैसी कई विधानसभा सीटों का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि इन सीटों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ी है. यादव ने कहा कि गांधी दावा कर रहे थे कि वह जो सबूत पेश करेंगे वह परमाणु बम जैसा होगा. उन्होंने कहा, ₹यह ऐसा मामला है जैसे कोई जिस डाल पर बैठा है, उसे ही काट रहा है.₹ उन्होंने चुनाव आयोग पर चुनाव आयोग के खिलाफ अहंकारी और धमकी भरी भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाया. उन्होंने गुरुवार को मीडिया के समक्ष गांधी की प्रस्तुति के संदर्भ में कहा कि यदि कांग्रेस नेता को मतदान प्रक्रिया पर वास्तव में आपत्ति है तो उन्हें चुनाव आयोग को शपथ पत्र दाखिल करना चाहिए. उन्होंने कांग्रेस नेता पर चुनाव में हार के बाद चुनाव आयोग को बदनाम करने के लिए बार-बार झूठ फैलाने का आरोप लगाया.उन्होंने कहा कि उनकी कार्यप्रणाली झूठ बोलना और भाग जाना है. उन्होंने दावा किया कि बिहार में मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा के मुद्दे पर विपक्ष द्वारा संसद में व्यवधान डालने का उद्देश्य चर्चा से भागना है.

# एसआईआर पर हंगामे से ठप हुई संसद

**विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।**

## सरकार ने वापस लिया इनकम टैक्स बिल

एजेंसी



संसद में विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही सोमवार (11 अगस्त) तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी दोनों सदनों में हंगामा किया। आज कार्यवाही शुरू होने के बाद सबसे पहले संसद के दोनों सदनों में भारत छोड़ो आंदोलन की 83वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका निभाने वाले अन्य महापुरुषों को श्रद्धांजलि दी गई। लोकसभा ने जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को श्रद्धांजलि दी जिनका गत पांच अगस्त को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था।

### लोकसभा की कार्यवाही

विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजकर पांच मिनट पर दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे बैठक शुरू हुई तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी और सभा की सहमति से सरकार ने विधेयक को वापस ले लिया। सदन में गैर-सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज शुक्रवार है जो सदस्यों का दिन होता है और विशेष रूप से विपक्ष के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इस दिन गैर-सरकारी कामकाज होता है। रीजीजू ने कहा कि विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया है।

### राज्यसभा की कार्यवाही

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बज कर तीन मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने कहा कि वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।

# सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है: जयशंकर

**जयशंकर ने अपने लिखित जवाब में यह भी कहा, सरकार ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और भारत के लोगों के लिए सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं।**



एजेंसी

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह ऊर्जा सुरक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक मानती है और लोगों को किफायती ऊर्जा उपलब्ध हो, इसके लिए उसने सभी आवश्यक कदम उठाए हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर मेंकहा कि सरकार एक बहुआयामी रणनीति अपना रही है जिसमें आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाना, तेल और गैस का घरेलू उत्पादन बढ़ाना, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाने का विस्तार करना और ऊर्जा परिवर्तन को आगे बढ़ाना शामिल है।उनसे वैश्विक तनाव के बीच देश के सामरिक और ऊर्जा हितों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण पूछा गया था, और यह प्रश्न भी किया गया कि क्या सरकार ने रूस और ईरान से भारत के पेट्रोलियम आयात पर प्रतिबंधों के प्रभाव के बारे में अमेरिका जैसे देशों के साथ चिंता व्यक्त की है। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो 7 अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसमें नई दिल्ली द्वारा रूस से तेल की खरीद पर भारत पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की गई

# दो-दो वोटर कार्ड मामला: तेजस्वी यादव को तीसरी नोटिस, 16 अगस्त तक जवाब देने को कहा

**निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर के पत्रांक 353 दिनांक 8-8-2025 को जारी पत्र के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से एपिक नंबर को फर्जी बताया. उन्होंने तेजस्वी यादव से उनके द्वारा बताये गये एपिक नंबर की मूल प्रति मांगी है. पत्र में लिखा गया है कि एपिक कार्ड की मूल कॉपी तत्काल उपलब्ध करवाई जाए**

## तेजस्वी यादव द्वारा दिखाये गये एपिक नंबर पर घमासान जारी है. इसी बीच उन्हें तीसरी नोटिस भेजी गई है.

एजेंसी

पटना : दो-दो एपिक नंबर को लेकर तेजस्वी यादव को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ने तीसरा पत्र जारी किया है. अनुमंडल पदाधिकारी पटना (सदर) ने तेजस्वी यादव के दो एपिक नंबर को लेकर एक बार फिर से नोटिस जारी किया. नोटिस में तेजस्वी यादव को एपिक कार्ड की मूल कॉपी 16 अगस्त तक उपलब्ध करने को कहा गया है. पत्र में आज स्पष्ट कर दिया गया कि तेजस्वी यादव द्वारा बताया गया एपिक नंबर फर्जी है.तेजस्वी यादव को तीसरी नोटिस : निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर के पत्रांक 353 दिनांक 8-



8-2025 को जारी पत्र के माध्यम से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से एपिक नंबर को फर्जी बताया. उन्होंने तेजस्वी यादव से उनके द्वारा बताये गये एपिक नंबर की मूल प्रति मांगी है. पत्र में लिखा गया है कि एपिक कार्ड की मूल कॉपी तत्काल उपलब्ध करवाई जाए ताकि इसकी गहन जांच की जा सके.प्रेस कॉन्फ्रेंस का हवाला : अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा जारी पत्र में लिखा गया है कि, उपयुक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि दिनांक 2-8-2025 को आयोजित प्रेस वार्ता में आपके द्वारा जानकारी दी गई थी कि आपका एपिक संख्या इस एपिक संख्या से भारत निर्वाचन आयोग के ऑफिसियल वेबसाइट पर सर्च करने पर विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के उपरांत प्रकाशित प्रारूप निर्वाचन सूची में आपका नाम अंकित नहीं मिला एवं आपका नाम विलोपित कर दिया गया है."हमारी जांच के दौरान पाया गया कि आपका नाम मतदाता केंद्र संख्या 204, बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का पुस्तकालय भवन है. इसके क्रमांक 416 पर एपिक नंबर 0456228 से अंकित है."- अनुमंडल पदाधिकारी पटना (सदर)दो विधानसभा चुनाव का जिक्र : अनुमंडल पदाधिकारी पटना सदर के पत्र में लिखा गया है कि, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव (बिहार विधानसभा सह सदस्य 128 राघोपुर विधानसभा) निर्वाचन क्षेत्र द्वारा वर्ष 2015 एवं 2020 के नामांकन पत्र में दायर शपथ पत्र में आपके द्वारा एपिक संख्या फअइ0456228 अंकित किया गय

## संक्षेप

### दहेज में मांगी आल्टो कार, एफआईआर

**पति और ससुराल वालों ने महिला को मारने की कोशिश की, जेवरात छीने**

सुलतानपुर, एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और जान से मारने की कोशिश का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता ममता की शादी 9 जुलाई 2023 को हरिकेश यादव के साथ हुई थी। शादी में ममता के पिता ने तिलक में दो लाख रुपए नगद दिए थे। विदाई के समय दो लाख सत्तर हजार रुपए बुलेट के लिए और साथ में अन्य घरेलू सामान भी दिया था। शिकायत के अनुसार, शादी के समय से ही ससुराल वाले कम दहेज को लेकर विवाद करने लगे। उन्होंने आल्टो कार की मांग की। ससुराल पक्ष में पति हरिकेश, ससुर महेंद्र यादव, सास दशरथा और ननदें पूनम, पुष्पा और कुसुम शामिल हैं। ये सभी ममता को दरिद्र की बेटी कहकर अपमानित करते थे और उसे मारते-पीटते थे। ममता ने अपने मायके वालों को इस बारे में बताया। मायके वालों ने ससुराल वालों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। ममता को यह भी पता चला कि उसके पति हरिकेश का पिंकी नामक एक लड़की से संबंध था।

### बिजली समस्या से परेशान ग्रामीण

**उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन, मुख्य अभियंता ने बिजली व्यवस्था ठीक कराने का दिया आश्वासन**

सुलतानपुर, भदैंया के ग्राम केशपट्टी के लगभग 30-40 ग्रामीणों ने मुख्य अभियंता कार्यालय रामगंज पहुंचकर बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने एक सप्ताह के भीतर बिजली समस्या को दूर करने की मांग की है। केशापट्टी गांव और कस्बा के निवासी खराब ट्रांसफार्मर बदलने और गांव के सभी खंभों के ढीले तारों को बदलने की मांग को लेकर रामगंज उपकेंद्र पहुंचे। ग्राम सभा केशरापट्टी (करखा) में पिछले सात दिनों से बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। ढीले तार और खराब ट्रांसफार्मर की वजह से आधे गांव में बिजली नहीं पहुंच पा रही है। इस समस्या से ग्रामीण पिछले दो महीनों से परेशान हैं। उनका धैर्य जवाब दे गया और गांव के लोगों ने खराब तार व ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

### बार एसोसिएशन कादीपुर का शपथग्रहण समारोह

**पूर्व बार कौंसिल अध्यक्ष रहे मौजूद, पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की ली शपथ**

सुलतानपुर, कादीपुर बार एसोसिएशन के कार्यकारिणी चुनाव 2025-26 के निर्वाचित अधिवक्ताओं का शपथग्रहण समारोह आज तहसील परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान सभी निर्वाचित पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में जनपद सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह, सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय और बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

# पीडीए कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण

## कैबिनेट मंत्री नंदी ने दिलाई शपथ, कहा- मिलकर करेंगे प्राधिकरण का विकास

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, विकास प्राधिकरण (पीडीए) कर्मचारी संगठन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह प्राधिकरण परिसर में आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. अमित पाल शर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अजीत कुमार सिंह ने की। पीडीए कर्मचारी संगठन का चुनाव 23 जुलाई को संपन्न हुआ था। कैबिनेट मंत्री नंदी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में अध्यक्ष आलोक अग्रवाल, महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवचरण पाल शामिल थे। इसके अलावा उपाध्यक्ष प्रथम मनीष कुमार, उपाध्यक्ष द्वितीय छवि कुमार शर्मा और लेखा परीक्षक रमेश कुमार यादव ने भी शपथ ली। संयुक्त मंत्री प्रवेश कुमार शर्मा, संगठन मंत्री धर्मेंद्र मौर्य, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार और प्रचार मंत्री पुरुषोत्तम पाल भी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में शामिल रहे। शपथ ग्रहण समारोह में प्राधिकरण के कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। समारोह का माहौल उत्साह और उमंग से भरा हुआ था। कर्मचारियों ने नए नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन और सहयोग देने का आश्वासन व्यक्त किया।

अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा, यह हम सभी के लिए खुशी और गर्व का क्षण है। अध्यक्ष आलोक अग्रवाल सहित सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को मैं बधाई देता हूं। मुझे विश्वास है कि सभी पदाधिकारी और कर्मचारी मिलजुलकर प्राधिकरण के विकास के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने संगठन की एकजुटता और कर्मचारी हितों की रक्षा के महत्व पर जोर दिया।

# दोस्तों के साथ नहाने गया युवक गंगा में डूबा

## गोताखोरों की मदद से 3 घंटे बाद मिला शव, गोविंदपुर के गंगेश्वर मंदिर पास हुआ हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, गोविंदपुर स्थित गंगेश्वर मंदिर के पास 18 वर्षीय युवक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ गंगा किनारे नहाने गया था, जहां अचानक गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया। दोस्तों के शोर मचाने पर आसपास मौजूद नाविकों ने युवक को खोजने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर शिवकुटी पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंची। करीब तीन घंटे की मशक्कत और गोताखोरों की मदद से युवक का शव बरामद किया जा सका। डूबा युवक सलोरी निवासी आकाश था, जो अपने दो भाइयों और एक छोटी बहन में बीच का था। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता ने बताया कि आकाश दोपहर को अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। उन्हें बाद में सूचना मिली कि गंगा में कोई युवक डूब गया है। जब वह मौके पर पहुंचे, तब तक एनडीआरएफ और स्थानीय लोग युवक की तलाश में जुटे थे। लगभग तीन घंटे की खोजबीन के बाद गोताखोरों ने शव को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चश्मदीदों के अनुसार, आकाश अपने दोस्तों के साथ शाम करीब 5 बजे गंगेश्वर मंदिर के पास गंगा में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके दोस्तों ने शोर मचाया और आसपास के लोगों से मदद मांगी। मौके पर मौजूद नाविकों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन आकाश का कोई सुराग नहीं मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# युवक की चाकू से गोदकर हत्या

- दो दिन पहले हुई थी कहासुनी, चाय पीकर लौटते समय आरोपी ने किया हमला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जामो थाना क्षेत्र के पूरे पंचम सिंह भितई गांव में एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक राजेश कुमार सुबह लगभग 8 बजे चौराहे पर स्थित दुकान से चाय-नाश्ता करके घर लौट रहा था। जब वह शकील मास्टर के घर के सामने पहुंचा, तभी राम बहादुर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, राजेश और आरोपी राम बहादुर के बीच दो दिन पहले मामूली कहासुनी हुई थी। मृतक की मां फूल कली ने थाने में राम बहादुर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। घटना की सूचना मिलते ही जामो थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आरोपी की पहचान कर ली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



# बिना लाइसेंस मेडिकल गोदाम पर छापा

## अमेठी में मेडिकल गोदाम से 10 लाख की दवाएं जब्त, 5 संदिग्ध नमूने लैब भेजे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, चाणक्यपुरी मोहल्ले में बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल गोदाम पर गुरुवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम आशीष सिंह की मौजूदगी में औषधि विभाग की टीम ने पहले से सीज किए गए गोदाम का ताला खोलकर जांच शुरू की। करीब 10 घंटे तक चली जांच में 10 लाख 5 हजार रुपए मूल्य की दवाएं जब्त की गईं। जांच में पांच प्रकार की दवाएं संदिग्ध पाई गईं। इनके नमूने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। यह गोदाम मनीष अग्रहरि के नाम पर संचालित था और औषधि लाइसेंस के अभाव में यहां अवैध रूप से दवाओं का भंडारण किया जा रहा था। औषधि विभाग को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से इस गोदाम की शिकायत मिली थी। सहायक आयुक्त (औषधि), अयोध्या मंडल के निर्देश पर तीन सदस्यीय टीम बनाई गई। इसमें ड्रग इंस्पेक्टर राजू सिंह (सुल्तानपुर), शैलेन्द्र प्रताप सिंह (अम्बेडकर नगर) और कमलेश मिश्रा (अमेठी) शामिल थे। दो दिन पहले टीम ने गोदाम पर छापा मारा था, लेकिन वह बंद मिला। इसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया। ड्रग इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को एसडीएम की मौजूदगी में ताला खोलकर जांच की गई, जिसमें बिना दस्तावेज और संदिग्ध दवाएं बरामद हुईं। संदिग्ध दवाओं को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

# सीपीआईएम का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

- बोले– विदेशियों को हटाने का बहाना, कई लोग होंगे मताधिकार से वंचित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, सीपीआईएम के आवाहन पर कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पहले बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का आदेश दिया था। अब वह इस प्रक्रिया को पूरे देश में लागू करना चाहता है। सीपीआईएम का आरोप है कि मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के नाम पर चुनाव आयोग मतदाताओं की नागरिकता सत्यापित करने का अधिकार अपने हाथ में ले रहा है। पार्टी ने दावा किया कि यह चुनाव आयोग के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उनका कहना है कि विदेशियों को हटाने के निराधार बहाने के तहत अल्पसंख्यक और अन्य चुनिंदा समूहों के एक बड़े हिस्से को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि यह प्रक्रिया विभिन्न उल्लंघनों से भरी हुई है। इससे कई लोगों को संविधान द्वारा प्रदत्त मतदान के अधिकार से वंचित किया जा सकता है। सीपीआईएम ने कहा कि एनआरसी प्रक्रिया, जिसका कोविड महामारी से पहले लोगों ने व्यापक रूप से विरोध किया था, को पिछले दरवाजे से चुपके से लागू करने की कोशिश की जा रही है।




# काकोरी ट्रेन एक्शन की शताब्दी पर कार्यक्रम

## स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, अधिकारियों ने किया पौधरोपण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिले के डीपीआरसी परिसर में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। इस जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन को याद किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह क्रांति और बलिदान का दिवस है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में इसे चरितार्थ करने की आवश्यकता है। स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही, कार्यक्रम में अलग-अलग प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प भी लिया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहारी ने कहा कि यह आयोजन आने वाली पीढ़ियों को अपने पूर्वजों के त्याग और बलिदान की कहानी याद दिलाने वाला है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यक्रम आने वाले समय में एक नई ऊर्जा और बेहतर विकसित संकल्प का सपना साकार करेगा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा बैंड वादन भी प्रस्तुत किया गया।

साथ ही सेना और पुलिस को समर्पित धन्यवाद और आभार पत्र भी भेजे गए। जिले में काकोरी ट्रेन एक्शन समारोह को लेकर अलग-अलग स्थानों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# हार्डवेयर कारोबारी और बेटे को लूटा

## एक लाख कैश, मोबाइल और कार की चाबी लूटकर बदमाश फरार, तमन्चे की बट मारकर सिर फोड़ा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , थाना अकराबाद इलाके में बेखौफ कार सवार बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। हार्डवेयर कारोबारी और उसके बेटे से एक लाख 2 हजार नगद, मोबाइल और कार की चाबी लूटकर बदमाश फरार हो गए। बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर हार्डवेयर कारोबारी का सिर फोड़ दिया। कार के शीशे भी तोड़ दिए। लूट की वारदात की खबर पर एसएसपी और सीओ थाने पहुंच गए। जानकारी के मुताबिक, मूल रूप से अकराबाद के कस्बा पिलखना के रहने वाले दिलशाद पुत्र इरशाद खान शहर के जमालपुर के रहते हैं। पिलखना में हार्डवेयर की दुकान चलाते हैं। गुरुवार रात्रि दुकान बंद कर बेटा जुल्फिकार के साथ कार से जमालपुर जा रहे थे। कार नानऊ पिलखना रोड़ स्थित गांव उकावली के पास पहुंची थी। तभी पीछे से कार सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी कार रुकवा ली। बदमाशों ने पहले कार के दोनों तरफ और सामने के शीशे तोड़ डाले। उसके बाद तंमचे की बट मारकर दिलशाद को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि बदमाश उनसे 86 हजार रुपये, फोन के अलावा बेटे का पर्स और कार की चाबी लूटकर भाग गए। बेटे के पर्स में करीब 16 हजार रुपये रखे थे। बदमाश अर्टिका कार में सवार थे। जिस पर यूपी 85 लिखा था। बाकी नम्बर देख नहीं पाए। कार में 5 - 6 बदमाश थे। हार्डवेयर कारोबारी से लूट की खबर पर एसएसपी और सीओ मौके पर आ गए। उन्होंने पीड़ित कारोबारी और बेटे से घटना की जानकारी ली। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवा दिया।

उधर, पुलिस का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

# पेड़ से लटका मिला 9वीं के छात्र का शव

## मथुरा में 3 दिन से लापता था, गांव से 2.5 किमी दूर नीम के पेड़ से लगा था फंदा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, 9वीं के छात्र का शव पेड़ से लटका मिला। वह तीन दिन से लापता था। शव उसके घर से 2.5 किमी दूर जंगल में नीम के पेड़ से लटक रहा था। शव जमीन से 25 फीट की ऊंचाई पर था। मौके के हालात देखकर लग रहा था किसी ने मारकर लटका दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। पुलिस किशोर की हत्या या आत्महत्या दोनों पक्षों को लेकर जांच कर रही है। शेरगढ़ थाने के बसई गांव निवासी ज्ञान सिंह किसान हैं। उनके दो बेटे हरेंद्र (15) और सूरज हैं। हरेंद्र 9 वीं कक्षा का छात्र था। भाई सूरज ने बताया कि उनका भाई हरेंद्र 3 अगस्त से घर से कहीं चला गया था। जिसके बाद उसे काफी तलाश किया तो कही उसका पता नही चला । घर वाले उसको फोन मिला रहे थे लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था। इसी बीच गुरुवार को गांव का ही एक युवक रामफल खेतों की ओर भैंस चराने गया था। तभी उसकी नजर पेड़ पर लटके शव पर पड़ी। उसने इसकी सूचना शेरगढ़ थाने में दी। हरेंद्र के पिता ज्ञान सिंह ने बताया कि शव जंगल मे पशु चराने वाले गांव के ही एक व्यक्ति ने देखा था। जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो शव गांव से करीब ढाई किलोमीटर दूर जंगल में एक नीम के पेड़ से लटक रहा था।

# मानसिक रूप से बीमार युवक की मौत

## लखनऊ–वाराणसी रेलखंड में घर से लौटते समय हुआ हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर उत्तर गांव के पास एक दुर्घटना में ट्रेन की चपेट में आने से 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई है। वह राम कृपाल के पुत्र थे और राजापुर, थाना कुड़वार के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक अमित मिश्रा ने बताया कि पंचनामा की कार्यवाही चल रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आवश्यक विधिक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। मृतक के भाई संदीप ने बताया कि राजकुमार मानसिक रूप से बीमार थे। उन्हें सुनाई भी नहीं देता था। वह अपने चाचा के घर धम्मौर थाना क्षेत्र के लंगड़ी गए थे बृहस्पतिवार की रात में वहां से लौटते वक्त उत्तर गांव के पास ट्रेन ने उन्हें टक्कर मार दी।

# 5 खाद विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

## एक किसान को 40 बोरी से अधिक खाद देने का मामला, जांच जारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने एक किसान को 40 बोरी से अधिक उर्वरक देने के मामले में पांच उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए हैं। इन विक्रेताओं के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। निलंबित विक्रेताओं में राजपूत ट्रेडर्स (कमलानगर), रिछौरा कृषि वानिकी सहकारी समिति (रिछौरा), जैनुल आबदीन खाद भंडार (भिलाई कला), कर्मशेर खाद भंडार (जोधनपुर) और नवीन हरियाली कृषि सेवा केंद्र (पूरे चितई) शामिल हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इन प्रतिष्ठानों से उर्वरक खरीदने वाले किसानों का सत्यापन किया जा रहा है। यह सत्यापन संबंधित विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के माध्यम से कराया जा रहा है। सत्यापन के बाद दोषी पाए जाने पर विक्रेताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनियों को निर्देश दिए हैं कि वे थोक विक्रेताओं को अनुदानित उर्वरकों के साथ किसी भी अन्य उत्पाद की टैगिंग न करें। साथ ही फुटकर विक्रेताओं को भी चेतावनी जारी की गई है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० –A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित । संपादक – अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी